डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 23.09.2024 से 29.09.2024

▶ वर्ष-41 ▶ अंक-39 ▶ मूल्य ₹ 10.00

## संक्षिप्त खबर

### प्रधानमंत्री ने एक नए, सशक्त और समृद्ध भारत की रखी नींव

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्म-दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा में कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करने के साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक नए सशक्त और समृद्ध भारत की नींव रखी है।

### राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में प्रदेश के दीपक को प्रथम स्थान

**भोपाल,** राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उद्योतगढ़ के कक्षा 10वीं के विद्यार्थी श्री दीपक वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दीपक ने "Safe vision distance sensor in smart phone" नामक प्रोटोटाइप मॉडल तैयार किया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता प्रदर्शनी में देशभर के 470 प्रतिभागी विद्यार्थियों में से कुल 31 विद्यार्थियों के प्रोटोटाइप मॉडल्स का चयन राष्ट्रीय जूरी द्वारा किया गया।

### वन नेशन-वन इलेक्शन की स्वीकृति के लिए माना आभार

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रीमंडल का वन नेशन-वन इलेक्शन की स्वीकृति के लिए प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय लोकतंत्र ने वन नेशन-वन इलेक्शन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। इससे न केवल भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों व आदर्शों को और अधिक मजबूती मिलेगी, बल्कि यह हमारी संसदीय प्रणाली में एक ऐतिहासिक सुधार भी साबित होगा।

### कुपोषण में गिरावट वाले राज्यों में मध्यप्रदेश का दूसरा स्थान

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कुपोषण के विरुद्ध युद्ध में मध्यप्रदेश मिशन मोड पर सक्रिय है। मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन के सफल क्रियान्वयन से कुपोषण में गिरावट आई है। कुल कुपोषण के स्तर में गिरावट वाले राज्यों में मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में कम वजन वाले बच्चों में 45 फीसदी, दुबलापन में 45.9 फीसदी, गंभीर दुबलापन में 48.7 फीसदी एवं ठिगनापन में 28.7 फीसदी की कमी दर्ज की गई है।

### भीतर के पृष्ठों पर


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने उज्जैन में आयोजित सफाई मित्रों के सम्मान समारोह कार्यक्रम को किया संबोधित

# स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण के लिये हम सब आगे बढ़ें - राष्ट्रपति




राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने उज्जैन के ग्राम ढेंडिया में सफाई-मित्रों का सम्मान किया।

**उज्जैन,** स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण के लिये सभी आगे बढ़ें। स्वच्छता ही देश को स्वस्थ और विकसित बना सकती है। देश का प्रत्येक व्यक्ति इसमें सहयोग करे और सब मिलकर देश को विकसित राष्ट्र बनायें। मध्यप्रदेश ने शहरी और ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी स्थान प्राप्त किया और यहां के कई शहरों को सफाई के लिये श्रेष्ठ शहर घोषित किया गया है। यह बात राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने उज्जैन में आयोजित सफाई मित्रों के सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इन्दौर निरन्तर 7वीं बार देश का स्वच्छतम शहर घोषित हुआ है। भोपाल स्वच्छतम राजधानी बनी है। स्वच्छता के क्षेत्र में इन उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री सहित पूरी टीम को बधाई। राष्ट्रपति ने 1692 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले उज्जैन-इन्दौर सिक्स-लेन मार्ग का भूमि-पूजन भी किया। समारोह में राष्ट्रपति ने सफाई मित्रों श्रीमती रश्मि टांकले, श्रीमती किरण खोड़े, श्रीमती शोभा घावरी, श्रीमती अनिता चावरे और श्री गोपाल खरे का सम्मान भी किया।

### दिव्य एवं पावन नगरी है अवंतिका

राष्ट्रपति ने कहा कि अवन्तिका बाबा महाकाल की पवित्र, दिव्य एवं पावन नगरी है। गुप्तकाल भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग रहा है और उस समय उज्जैन भारत का महत्वपूर्ण नगर था। यहां संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन परम्परा है। राष्ट्रपति ने कहा कि लगभग 2 हजार वर्ष पूर्व उज्जैन परिवहन व्यवस्था का उत्कृष्ट केन्द्र था। यह अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का केन्द्र भी था। महाकवि कालिदास ने मेघदूत में उज्जयिनी की विशालता और भव्यता का अद्भुत चित्रण किया है। उन्होंने कहा कि देवलोक में जो महत्व अल्कापुरी नगरी का है, वही महत्व पृथ्वी पर उज्जैन नगरी का बताया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि उज्जैन एवं मध्यप्रदेश में समग्र विकास के अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। यहां विक्रम उद्योगपुरी मेडिकल डिवाइसेस पार्क बनाया जा रहा है। साथ ही एक्सप्रेस-वे एवं एलिवेटेड कॉरिडोर बनाये जा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के तृतीय कार्यकाल के 100 दिन ऐतिहासिक - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के तृतीय कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने को ऐतिहासिक बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के तृतीय कार्यकाल के ये 100 दिन राष्ट्र की उन्नति और समग्र विकास के प्रति उनकी अटल प्रतिबद्धता के साक्षी हैं। आज देश का प्रत्येक व्यक्ति गर्व से कहता है कि मोदी जी जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के तृतीय कार्यकाल में किए ऐतिहासिक कार्यों में महिलाओं का बेहतर भविष्य सुनिश्चित हुआ है। 90 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 10 करोड़ महिलाएं सशक्त हुईं। विकसित भारत के अन्नदाता समृद्ध हो रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी कर 9.3 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये अंतरित किए गए। भारत में बिछ रहे सड़कों के विशाल नेटवर्क में 50 हजार 600 करोड़ रुपये की लागत वाली 8 हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई।

### अपने घर का सपना हुआ साकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के तृतीय कार्यकाल में भारत में खड़े हो रहे वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर सड़क, रेल, बंदरगाह और वायुमार्गों के विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। सबका अपने घर का सपना साकार हो रहा है। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में तीन करोड़ घरों के लिए 4.35 लाख करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।

## शहरी गरीबों के हित में कल्याण भावना से कार्य करके अपनी साख मजबूत करें - श्री विजयवर्गीय

**भोपाल,** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शहरी गरीबों की आर्थिक मजबूती के लिये पीएम स्वनिधि योजना शुरू की है। प्रदेश के सभी निकाय इस अभिनव योजना के माध्यम से शहरी गरीबों के हित में कल्याण भावना से कार्य करके अपनी साख मजबूत करें। यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेन्शन सेंटर में पीएम-स्वनिधि योजना के अंतर्गत PRAISE अवॉर्ड समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस योजना में अच्छा प्रदर्शन करके मध्यप्रदेश ने देशभर में राज्य के नाम को गौरवान्वित किया है। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना में शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को तीन किस्तों में कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। पीएम स्वनिधि योजना में डिजिटल लेन-देन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### गरीबों को आर्थिक मदद पहुंचायें

श्री विजयवर्गीय ने कहा कि कोरोना काल में शहरों में रहने वाले निर्धन वर्ग के व्यक्तियों ने भारी आर्थिक संकट का सामना किया था। इन दिक्कतों को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना की शुरुआत की।

उन्होंने अधिकारियों और बैंकर्स से अपील की कि वे संयुक्त रूप से प्रयास करके शहरी गरीबों को आर्थिक मदद पहुँचायें। श्री विजयवर्गीय ने इस मौके पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले बैंकर्स और निकायों को पुरस्कृत भी किया।

## मध्यप्रदेश का सीएम राइज़ स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार की सूची में शामिल

**रतलाम,** मध्यप्रदेश के रतलाम का विनोबा सीएम राइज़ स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार-2024 के नवाचार श्रेणी में शीर्ष फाइनलिस्ट में शामिल हो गया है। दुनिया के अन्य शीर्ष स्कूलों के बीच रैंक में ऊपर आने के बाद अब यह स्कूल शीर्ष स्थान की दौड़ में है। लंदन स्थित टी-4 एजुकेशन संस्था ने शीर्ष 3 विद्यालयों की घोषणा की। इस विशिष्ट उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हम सबके लिये अत्यंत गर्व का विषय है कि सीएम राइज़ स्कूल को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की दिशा में नवाचार श्रेणी में मान्यता मिली है। सीएम राइज़ स्कूल मध्यप्रदेश सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य हमारे विद्यालयों को विश्व स्तर पर उत्कृष्टता के केन्द्रों में लाना है। ऐसे विद्यालयों का निर्माण करना है, जो नवाचारी अभ्यासों और मजबूत सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं।



### बच्चे 21वीं सदी के कौशल से सुसज्जित हों

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे बच्चे 21वीं सदी के कौशल से सुसज्जित हों और सदी की चुनौतियों के समाधान के लिये तैयार हों। यह उपलब्धियां हमारे शिक्षकों, स्कूल लीडर्स, विद्यार्थियों और पूरे समुदाय के अद्भुत समर्पण और प्रयास को दर्शाती है।

### प्रमुख बिन्दु

- शिक्षकों के बीच सकारात्मक कार्य, संस्कृति बनाने के लिए नियमित रूप से टीम निर्माण गतिविधियां संचालित।
- शिक्षक व्यावसायिक विकास के लिये ऑनलाइन शिक्षण सामग्री का लाभ लेकर कक्षा में इन सामग्रियों का उपयोग करते हैं।
- शिक्षक अपने बच्चों को सिखाने की प्रक्रिया में जुड़ाव सुनिश्चित करने के लिये माता-पिता के साथ वर्चुअली जुड़ते हैं।




## 14 सितम्बर

### डीआरडीओ ने सरफेस-टू-एयर मिसाइल का किया सफल परीक्षण

● भारत ने ओडिशा के चांदीपुर समुद्र तट से जमीन से हवा में तेज गति से प्रहार करने वाली कम दूरी की अत्याधुनिक और शक्तिशाली मिसाइल 'वीएल-एसआरएसएएम' का सफल परीक्षण किया। यह स्वदेशी तकनीक से बनी है। मिसाइल की मारक क्षमता 30 किलोमीटर तक है तथा यह 12 किलोमीटर की ऊंचाई तक जाकर दुश्मन के किसी भी हवाई हमले को रोकने में सक्षम है। इसे नौसेना के लड़ाकू जहाज तथा जमीन से भी लॉन्च किया जा सकता है।

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस महीने अमेरिका में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके साथ ही सम्मेलन में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के नेता भी शामिल होंगे। सम्मेलन में यूक्रेन की स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श की संभावना है। उल्लेखनीय है कि क्वाड-भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान का एक समूह है। अगले वर्ष क्वाड की मेजबानी भारत करेगा।

## 15 सितम्बर

### डब्ल्यूएचओ ने एमपाक्स की पहली वैक्सीन को दी मंजूरी

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वयस्कों के लिए एमपाक्स की पहली वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह अफ्रीका और अन्य स्थानों पर एमपाक्स बीमारी से लड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि इसकी आपूर्ति सीमित रहेगी। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानम घेब्रेयेसस ने कहा कि एमपाक्स रोधी वैक्सीन की पहली प्री-क्वालिफिकेशन इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम है। वैक्सीन प्री-क्वालिफिकेशन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि टीके सुरक्षित और प्रभावी हों।

● डाक विभाग डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डीएलसी) दाखिल करने में मदद करने के लिए बुजुर्ग पेंशनभोगियों को घर पर सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इसके लिए पेंशन एवं पेंशनभोगियों के कल्याण विभाग ने एक से तीस नवंबर, 2024 तक देशभर के जिला मुख्यालयों एवं प्रमुख शहरों में डीएलसी अभियान आयोजित करने का फैसला किया है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, जिला डाकघरों पर डीएलसी अभियान 3.0 के आयोजन के लिए ये डाकघर पेंशनभोगी कल्याण संघों, पेंशन वितरित करने वाले बैंकों, यूआईडीएआई व अन्य के साथ समन्वय करेंगे।

## 16 सितम्बर

### बेंगलुरु में बन रहा सोलर ऊर्जा से उड़ने वाला मानवरहित विमान

● कर्नाटक के बेंगलुरु में भारतीय वैज्ञानिक सोलर ऊर्जा से चलने वाला मानवरहित विमान बना रहे हैं। यह विमान एक बार में 90 दिनों की उड़ान भर सकेगा। इस विमान को हाई एल्टीट्यूड प्लेटफॉर्म सिस्टम (एचएपीएस) नाम दिया गया है। विमान को बेंगलुरु स्थित नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्रीज (एनएएल) में तैयार किया जा रहा है। ऑटोमेटिक मोड पर यह 17 से 20 किलोमीटर की ऊंचाई पर दिन-रात उड़ान भर सकता है।

● ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध मेलबर्न विश्वविद्यालय ने भारत में अपना एक केंद्र बनाने का फैसला लिया है। यह दिल्ली में स्थापित होगा। इसके जरिये विश्वविद्यालय अपनी सभी शैक्षणिक व शोध गतिविधियों को संचालित करेगा। मेलबर्न विश्वविद्यालय क्यूएस रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया का सर्वश्रेष्ठ व दुनिया का 13वां सबसे सर्वश्रेष्ठ संस्थान है। ऐसे में देश में इसकी दस्तक से उच्च शिक्षा के क्षेत्र को एक नई मजबूती मिलेगी।

## 17 सितम्बर

### अब सफर की दूरी के आधार पर कटेगा टोल टैक्स

● देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल की नई व्यवस्था शुरू होने जा रही है। इसके तहत उपभोक्ता नेशनल हाईवेज पर जितनी दूरी तय करेंगे, उतना ही टोल टैक्स चुकाना होगा। अभी टोल गेट पार करते ही पूरे रास्ते के लिए कीमत चुकानी पड़ती है।

● ऑस्ट्रेलिया में भारत, चीन और वियतनाम के नागरिकों के लिए वर्क एंड हॉलिडे वीजा बैलट प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। यह पहल इन देशों के युवाओं को ऑस्ट्रेलिया में छुट्टियां बिताने और काम करने का मौका देने के लिए की गई है। ऑस्ट्रेलिया की वर्ष 2024-25 के लिए वीजा नीति में बदलाव के तहत इन तीन देशों के नागरिक वर्क एंड हॉलिडे वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें पंजीकरण शुल्क 25 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 1,414 रुपए) है। चुने गए लोग ऑनलाइन आवेदन करके वीजा प्राप्त कर सकते हैं। चीन, वियतनाम और भारत के नागरिक जो पहले से वर्क एंड हॉलिडे वीजा धारक हैं, वह भी इस बैलट प्रक्रिया के जरिए दोबारा वीजा लेने के लिए योग्य हैं।

## 18 सितम्बर

### एआई बताएगा लड़ाकू विमान की गड़बड़ी

● भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई के पायलट स्क्वाड्रन लीडर श्री एस.एस. भटकरे ने विमानों के निरीक्षण की तकनीक विकसित की है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित इस 'एयरक्राफ्ट इंस्पेक्शन सिस्टम' से मानवीय भूल के कारण होने वाली लड़ाकू विमान की दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। इस तकनीक को जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर इंटरनेशनल डिफेंस एविएशन एक्सपो में प्रदर्शित किया गया।

● लेबनान में एक के बाद एक हुए हजारों पेजर धमाकों में आठ लोगों की मौत हो गई और ईरान के राजदूत मुज्तबा अमानी समेत 2750 लोग घायल हो गए। लेबनान से सटे सीरिया में भी कई जगह पेजर फटने से लोग घायल हुए। हिजबुल्ला ने इस हमले के लिए इजरायल को दोषी ठहराते हुए कहा है कि वो इसका बदला लेगा। हमास ने इन हमलों की निंदा करते हुए कहा है कि इजरायल के इस कृत्य से क्षेत्र में संघर्ष और तेज होगा और अंततः यह इजरायल की हार का कारण बनेगा।

## 19 सितम्बर

### एक देश-एक चुनाव को कैबिनेट की मंजूरी

● केंद्रीय कैबिनेट ने एक देश-एक चुनाव पर बनी रामनाथ कोविन्द समिति की अनुशंसा को मंजूरी दे दी है। माना जा रहा है कि संसद के शीतकालीन सत्र में इसे लेकर विधेयक पेश किया जाएगा। रामनाथ कोविन्द समिति की यह सिफारिशें थीं - एक देश-एक चुनाव योजना को देश में दो चरणों में लागू किया जाए। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एवं दूसरे चरण में नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जाएं। लेकिन इन्हें पहले चरण के सौ दिन के भीतर ही कराया जाए। लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के साथ ही राज्यों की विधानसभा के चुनाव कराए जाने पर विचार किया जाए। अगर किसी विधानसभा का चुनाव अपरिहार्य कारणों से एक साथ नहीं हो पाता है तो बाद की तिथि में होगा, लेकिन कार्यकाल उसी दिन समाप्त होगा जिस दिन लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होगा। यदि किसी राज्य की विधानसभा बीच में भंग हो जाती है, तो नया चुनाव विधानसभा के बाकी के कार्यकाल के लिए ही कराया जाए।

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े चार प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें सबसे अहम पहले अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और गगनयान फालोआन मिशन शामिल है। कैबिनेट ने इसके साथ चंद्रयान-4 मिशन को भी सहमति दे दी है। जो न सिर्फ चंद्रमा पर उतरेगा, बल्कि वहां से कुछ वस्तुएँ लेकर सुरक्षित वापस भी लौटेगा। मिशन को अगले 36 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कैबिनेट ने अंतरिक्ष से जुड़े जिन अन्य मिशनों को मंजूरी दी है, उनमें वीनस (शुक्र) आर्बिटर मिशन शामिल है। इसमें अंतरिक्ष यान वीनस की कक्षा में भेजा जाएगा।

## 20 सितम्बर

### रूस के हथियार डिपो पर यूक्रेनी ड्रोन ने किया हमला

● यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के टोरोपेट्स में रात में एक बड़े सैन्य डिपो पर हमला किया। यह मॉस्को से 380 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में और यूक्रेन की सीमा से 500 किलोमीटर दूर स्थित है। ड्रोन के हमले के बाद छह किलोमीटर में आग लग गई। कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि हमला इतना भयंकर था कि कंपन रिक्टर पैमाने पर दर्ज किया गया।

● वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने 'एनपीएस वात्सल्य' योजना की शुरुआत की। इसके जरिये माता-पिता पेंशन खाते में निवेश कर अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत कर सकेंगे। माता-पिता ऑनलाइन, बैंक या डाकघर जाकर एनपीएस वात्सल्य योजना का हिस्सा बन सकते हैं। योजना के अंतर्गत खाता खोलने के लिए न्यूनतम योगदान एक हजार रुपये है। इसके बाद सालाना न्यूनतम 1,000 रुपये का योगदान करना होगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

NCSDE
NATIONAL CENTRE FOR SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP
SUPPORTED BY
AISECT Ltd.
SCOPE CAMPUS, HOSHANGABAD ROAD, MISROD, BHOPAL

NCSDE से साझेदारी के लिए आवेदन आमंत्रित हैं

युवाओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार इंडस्ट्री ओरियंटेड स्किल कोर्सेज, वर्क इंटीग्रेटेड लर्निंग प्रोग्राम्स और इंटर्नशिप्स प्रदान करने के लिये
विश्वविद्यालय / कॉलेज / पॉलीटेक्निक / स्कूल / इंडस्ट्री पार्टनर्स / कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र / आईटीआई / प्लेसमेंट केंद्र / मानव संसाधन मोबिलाइजर्स / अप्रेंटिस एजेंसियां / मास्टर ट्रेनिर्स / जिला-ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर कार्य कर रहे एडमिशन काउंसलर्स आवेदन करें

NCSDE साझेदारों को लाभ...

विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, कौशल केंद्रों के लिए...
- अपने संस्थान को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बनाएं।
- इंटर्नशिप और प्लेसमेंट ड्राइव के साथ छात्रों का सहयोग करें।
- आईसेक्ट लर्न एलएमएस ऑनलाइन शिक्षण पाठ्यक्रम और ऑनलाइन मूल्यांकन के जरिए अपने संस्थान को डिजिटल बनाएं।
- क्रेडिट आधारित कौशल पाठ्यक्रम प्रदान करें।
- केंद्रीकृत मार्केटिंग सहयोग।

उद्योग भागीदारों के लिए...
- रिक्रूट- ट्रेन -डिप्लॉइ सॉल्यूशन लागू करें।
- अप्रेंटिस एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (AEDP) के साथ रोजगार प्रदान करें।
- वर्क इंटीग्रेटेड स्किल प्रोग्राम (डी.वोक, बी. वोक, एम. वोक) के साथ मानव संसाधन को बेहतर बनाएं।
- कर्मचारियों के प्रदर्शन और मनोबल को बढ़ायें।
- NATS एवं NAPS स्कीम में पंजीकरण।

भागीदार विश्वविद्यालय
DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY | RNTU | SCOPE GLOBAL SKILLS UNIVERSITY | AISECT UNIVERSITY

सहयोगी संस्थान
ई-लर्निंग पार्टनर: AISECT LEARN | कौशल पार्टनर: AISECT | प्लेसमेंट पार्टनर: Rojgar Mantra | अकादमी पार्टनर: AISECT

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
0755 - 2432853, 7880100251 (Nihal), 9109478294 (Stuti), 9685095791 (Mahima)
व्हाट्सएप पर जुड़ने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें
ncsde@aisect.org www.ncsde.org
आवेदन की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर 2024
R-50063/2024

वर्ष 41, अंक 39 23.09.2024 से 29.09.2024

रोज़गार और निर्माण

rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

# स्वच्छ भारत मिशन में नवाचारों के साथ मध्यप्रदेश ने रचे नये कीर्तिमान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ किये गए स्वच्छ भारत मिशन को दस वर्ष हो गए हैं। इस एक दशक में देशभर में स्वच्छता का वातावरण निर्मित हुआ है। जिसके परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' शुरू हुआ। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' पर केन्द्रित कार्यक्रम 17 सितंबर से शुरू हो गये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक जन-भागीदारी पर जोर दिया गया है। अभियान के दौरान जन-जन को स्वच्छता अपने व्यवहार में आत्मसात करने के लिये प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में शुरू हुए स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश अनेक कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। प्रधानमंत्री की मंशानुरूप प्रदेशवासियों ने पूरे उत्साह और जन-सहयोग से स्वच्छता के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित किये हैं। इसमें वर्ष 2022 के स्वच्छ सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश को सबसे स्वच्छतम राज्य का दर्जा मिला। इसके साथ ही वर्ष 2023 में प्रदेश में गीले कचरे से बॉयो सीएनजी का उत्पादन करने का अभिनव नवाचार भी हुआ है। स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार-2023 में इंदौर शहर को लगातार 7वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है। यह इंदौर के नागरिकों की जन-भागीदारी का बेहतरीन उदाहरण है। मध्यप्रदेश कम लागत पर एसटीपी इंसेप्शन एण्ड डायवर्सन आधारित सीवेज उपचार प्रणाली के लिये दिशा-निर्देश तैयार करने और कार्यादेश जारी करने वाला पहला राज्य है। इस वर्ष मार्च-2024 में मध्यप्रदेश ने नगरीय निकायों के लिये 'उपयोगिता जल और सेप्टेज प्रबंधन नीति' प्रकाशित की है, जिसमें सीवर और सैप्टिक टैंकों की मशीनीकृत सफाई 100 प्रतिशत सुनिश्चित की गयी है। इंदौर वाटर प्लस प्रमाणन और 7 स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाला देश का पहला शहर है। हाल ही में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2024 में जबलपुर को 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिये देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में 7 हजार 82 से अधिक मोटराइज्ड वाहनों से कचरा संग्रहण व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है। इनमें सूखे, गीले, घरेलू हानिकारक और सेनेटरी अपशिष्ट को अलग-अलग रखने के लिये कम्पार्टमेंट बनाये गये हैं। जीपीएस और पीए सिस्टम से वाहनों की निगरानी और स्वच्छता विषयों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। गीले कचरे के प्र-संस्करण और निष्पादन के लिये स्पॉट कम्पोजिटिंग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। निकायों में लीगेसी वेस्ट को वैज्ञानिक तरीके से खत्म करने की दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश के 108 नगरीय निकायों के लीगेसी वेस्ट का उपचार किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के पहले चरण में 50 नगरीय निकायों ने अपने लीगेसी वेस्ट का पूर्ण निपटान कर लिया है। गीले कचरे की कम्पोजिटिंग के लिये कटनी और सागर में अत्याधुनिक स्व-चलित इकाइयां कार्य कर रही हैं।

स्वच्छता के लिए मध्यप्रदेश में किये गए प्रयासों का परिणाम है कि स्वच्छता के मामले में मध्यप्रदेश को 7 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। प्रदेश के 361 निकाय ओडीएफ डबल प्लस, 3 निकाय ओडीएफ प्लस और 7 निकाय को ओडीएफ का प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है।

## वर्ष 2029 में पृथ्वी से 30 हजार 600 किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा अपोफिस

न्यूयॉर्क के ओंटरियो विश्वविद्यालय के खगोलशास्त्री पॉल विएगर्ट ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र पर किये गये एक शोध की रिपोर्ट को आमजन से साझा किया। विएगर्ट के अनुसार वैसे तो अंतरिक्ष विज्ञान एक ऐसा क्षेत्र है जहां समय-समय पर शोध कार्य होते रहते हैं। लेकिन इस रिपोर्ट में जिस खगोलीय पिंड पर शोध किया गया है उससे भविष्य में होने वाली घटना कोई सामान्य घटना नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2029 में एक संवेदनशील खगोलीय पिंड पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरेगा। इसका नाम अपोफिस है। इस खगोलीय पिंड का नाम मिस्र के अराजकता और विनाश के देवता एपेप के नाम पर रखा गया है। अपोफिस वर्ष 2029 में पृथ्वी से 30 हजार 600 किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार शोध से पता चला है कि अगर कुछ दूसरे छोटे खगोलीय पिंड अपोफिस से टकराते हैं तो यह अपना रास्ता बदल सकता है। ऐसे में इसके पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने की संभावना बढ़ जाएगी। खगोलशास्त्री विएगर्ट के अनुसार खगोलीय पिंड अपोफिस न्यूयॉर्क के एम्पायर स्टेट बिल्डिंग जितना चौड़ा है। ऐसे में अगर यह खगोलीय पिंड पृथ्वी से टकराता है तो इससे बड़े नुकसान की संभावना है। अपने शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि इस जानकारी के बाद आप घबराये नहीं। क्योंकि यह संभावना है, जो टल भी सकती है। विएगर्ट के अनुसार उन्होंने खुद खगोलीय पिंड अपोफिस की संभावनाओं की गणना की है, जिसका वर्तमान पथ 2029 में हमारे ग्रह के पास है, लेकिन सुरक्षित रूप से आगे बढ़ने लगा है। उन्होंने कहा, यह उसी तरह का छोटा खगोलीय पिंड है जो कभी-कभी वायुमंडल में शूटिंग स्टार या फायरबॉल के रूप में दिखाई देते हैं और अपोफिस पर अप्रत्याशित रूप से हमला कर सकते हैं।

- विकास तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

मोदीजी का संकल्प और समृद्ध भारत निर्माण

# मध्यप्रदेश की सहभागिता : 'स्वच्छता और सेवा अभियान'

स्वच्छ भारत अभियान में सदैव अग्रणी रहने वाले हृदय प्रांत मध्यप्रदेश ने इस वर्ष स्वच्छता के साथ सेवा अभियान भी आरंभ किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से आरंभ इस पखवाड़े का समापन गांधीजी के जन्म दिवस दो अक्टूबर को होगा। स्वच्छ भारत का सपना गांधीजी ने देखा था और उसे आकार देने का संकल्प प्रधानमंत्री ने लिया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन दोनों विभूतियों के जन्मदिन में अद्भुत तालमेल बिठाकर यह पखवाड़ा आरंभ किया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय स्वतंत्रता की सौवीं वर्षगांठ 2047 तक भारत को विश्व का सबसे समृद्ध राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यह तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति सक्षम और समृद्ध हो। सक्षमता और समृद्धि का मूल स्वास्थ्य है और स्वास्थ्य का आधार स्वच्छता। इसलिये प्रधानमंत्री ने समृद्ध भारत के संकल्प को पूरा करने की शुरुआत सफाई अभियान से की। वे पदभार संभालने के साथ ही इस अभियान में जुटे। 15 अगस्त, 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की घोषणा की और गांधी जी के जन्मदिवस दो अक्टूबर को स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर सफाई के लिये निकल पड़े थे। उनका अनुसरण पूरे देश के जन सामान्य ने किया और भारत का स्वच्छ स्वरूप निखरने लगा।

मोदीजी के आह्वान पर आरंभ इस स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश की भूमिका सदैव अग्रणी रही है। इस अग्रणी भूमिका को बनाये रखने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस वर्ष स्वच्छता के साथ सेवा अभियान भी आरंभ किया है। स्वच्छता अभियान की प्रतिवर्ष एक अलग थीम होती है। इस वर्ष इस अभियान की थीम 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' है। इस आह्वान के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जन सामान्य के स्वभाव में स्वच्छता लाना चाहते हैं। मध्यप्रदेश में इस वर्ष इस पखवाड़े के अंतर्गत जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के सदस्य विभिन्न बस्तियों में जाकर स्वच्छता के साथ सेवा कार्य भी कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर को इस 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम में अच्छा काम करने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित किया और भविष्य में अच्छा काम करने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित करने की घोषणा भी की। स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश सदैव एक अग्रणी प्रदेश रहा है और अनेक पुरस्कार भी मिले। पखवाड़े के शुभारंभ में मध्यप्रदेश को मिले स्वच्छता पुरस्कारों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। उल्लेखनीय है कि भोपाल नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में फाइव स्टार रेटिंग मिली थी। इस उपलब्धि के लिए भोपाल नगर निगम को प्रोत्साहन राशि के रूप में चार करोड़ रुपये मिले हैं। यह राशि सभी सफाई मित्रों के बीच वितरित की जाएगी। प्रत्येक सफाई मित्र को लगभग 5,000 रुपये मिलेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पखवाड़े और इसके साथ पूरे वर्ष भर स्वच्छता में सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने अपेक्षा की है कि पंचायतों से लेकर सभी नगर निगम और नगर पालिकाएं जन भागीदारी बढ़ाकर समाज को स्वच्छता और सेवा के प्रति जागरूक करें। इसके साथ उन्होंने नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई मित्रों को उनकी सेवाओं के लिए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की है। प्रोत्साहन की यह राशि स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में प्राप्त स्टार रैंकिंग के आधार पर होगी। जिस नगर या गांव को जितने स्टार रैंकिंग मिलेगी, उसे उतने हजार रुपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। इस योजना के अंतर्गत एक स्टार से सात स्टार तक रैंकिंग प्राप्त करने वाले नगरीय निकाय के सफाई मित्रों को लाभ मिलेगा।

### स्वच्छता में कीर्तिमानों से भरा है मध्यप्रदेश का इतिहास

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दस वर्ष पहले यह स्वच्छता अभियान आरंभ किया था। तब से अब तक मध्यप्रदेश ने प्रतिवर्ष पुरस्कार जीते और स्वच्छता के अनेक कीर्तिमान बनाये हैं। वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश देशभर में प्रथम स्थान पर रहा और वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश ने देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही प्रदेश के 06 नगरों ने राष्ट्रीय पुरस्कार जीते। स्वच्छ सर्वेक्षण में सफाई के मापदण्डों के अनुसार केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा स्टार रेटिंग भी दी जाती है। इसके अंतर्गत भी मध्यप्रदेश के अनेक नगरों ने अपना सम्मानित स्थान बनाया। स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिये इन पुरस्कारों और स्टार रेटिंग के अतिरिक्त भारत सरकार 'ओडीएफ सर्टिफिकेट' भी प्रदान करती है। यह प्रमाणपत्र सराहनीय कार्य करने वाले नगरों अथवा गांवों को दिये जाते हैं। मध्यप्रदेश में ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले निकायों की संख्या भी प्रतिवर्ष बढ़ रही है। वर्ष 2023 में यह संख्या बढ़कर 361 हो गई। इसी के साथ मल जल प्रबंधन में भी मध्यप्रदेश के 6 नगरों को वॉटर प्लस प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। प्रदेश में खुले में शौच को स्थायी रूप से रोकने के लिए 5 लाख 79 हजार से अधिक घरों में शौचालय बनाये गये हैं। इस योजना के अंतर्गत गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों को अनुदान भी दिया गया ताकि वे अपने घरों में शौचालय निर्माण कर सकें। ग्रामीण क्षेत्र के हर स्कूल में शौचालय निर्माण पूरा हो गया है। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में ढाई हजार से अधिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्प्लेक्स का निर्माण हुआ। मध्यप्रदेश अब नगरों को कचरा मुक्त नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में भी काम कर रहा है। इसके लिये वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश के 158 नगरों को यह प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। इस श्रेणी में इंदौर नगर को 7 स्टॉर और भोपाल नगर को 5 स्टॉर प्राप्त हुए हैं। मध्यप्रदेश का इन्दौर पिछले सात वर्षों से लगातार पूरे देश में प्रथम स्थान पर बना रहा है। जबकि पूरे जिला क्षेत्र में भोपाल जिले को सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त हुआ। प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथिन को प्रतिबंधित किया जा चुका है। इन नगरों में अपशिष्ट प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। मध्यप्रदेश अब तक 97 प्रतिशत उत्सर्जित अपशिष्ट का प्रसंस्करण करने में सक्षम हो गया है। मध्यप्रदेश ने सूखे और गीले कचरे के निपटान में अपने लिये निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने का कीर्तिमान बनाया है।

वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश को उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। हालांकि वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश द्वितीय स्थान पर था। मध्यप्रदेश के गांव और नगरों में स्वच्छता स्तर यथावत रहा। मध्यप्रदेश को गंदे पानी के प्रबंधन के लिए सुजलाम अभियान के पहले चरण में प्रथम और दूसरे चरण में चौथा स्थान मिला है। मध्यप्रदेश को इस उपलब्धि पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहित देश के अधिकांश प्रमुख हस्तियों से सराहना मिली है।

मध्यप्रदेश कम लागत पर एसटीपी इंसेप्शन एण्ड डायवर्सन आधारित सीवेज उपचार प्रणाली के लिये दिशा-निर्देश तैयार करने और कार्यादेश जारी करने वाला पहला राज्य है। इस वर्ष मार्च 2024 में मध्यप्रदेश ने नगरीय निकायों के लिये 'उपयोगिता जल और सेप्टेज प्रबंधन नीति' प्रकाशित की है, जिसमें सीवर और सैप्टिक टैंकों की मशीनीकृत सफाई 100 प्रतिशत सुनिश्चित की गयी है। इंदौर वाटर प्लस प्रमाणन और 7 स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाला देश का पहला शहर है। हाल ही में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2024 में जबलपुर को 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिये देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

### स्वच्छता के लिये वर्ष 2024 का अभियान

मध्यप्रदेश ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के लिये खुले में शौच से मुक्त शहरों की श्रेणी में 27 नगरों को वाटर प्लस और शेष सभी नगरों को डबल प्लस तथा शेष सभी नगरीय क्षेत्रों को कचरा मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिये स्वच्छता की पाठशाला की पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत अब तक 388 प्रशिक्षण सत्रों में 44 हजार 639 सफाई मित्रों, 2004 अधिकारियों, 243 जन-प्रतिनिधियों और 200 अशासकीय संगठनों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस योजना के अंतर्गत होने वाली परिचर्चा तथा अन्य संवादों से सभी सहभागी परस्पर अनुभवों से सीखते हैं। नेशनल हेल्थ मिशन के सहयोग से ऐसे आयोजनों में 44 हजार 701 सफाई मित्रों और उनके परिवारजन सहभागी हुये। इसके अतिरिक्त स्वच्छता के प्रति जागरुकता के लिये 10 से अधिक ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जा चुके हैं। इन सत्रों में जमीनी स्तर पर बदलाव लाने की दिशा में 14 नगरीय निकायों और 311 निकायों में 600 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण के साथ सह एक्सपोजर विजिट कराया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में आरंभ किये स्वच्छ भारत अभियान का जो स्वरूप अब उभर कर आया है इसकी कल्पना लगभग सौ वर्ष पहले गाँधी जी ने की थी। देश के लिये स्वतंत्रता प्राप्त करना जितना संघर्षमय होता है उससे कहीं अधिक उस स्वतंत्रता को बनाये रखने के लिये पुरुषार्थ करना आवश्यक है। इसके लिये स्वस्थ तन और मन की आवश्यकता है जिसका आधार स्वच्छता है। वर्ष 2014 के स्वच्छता अभियान के बाद भारत जैसे-जैसे आगे बढ़ा वैसे-वैसे विश्व में भारत का सम्मान और समृद्धि भी बढ़ी जो इसका इस अभियान की उपयोगिता और महत्व का स्पष्ट प्रमाण है।

रमेश शर्मा
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत कार्यालयः एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
सीआईएनः L40101DL1975GOI007966, वेबसाइट : www.ntpc.co.in

विज्ञापन संख्या 12/24

एनटीपीसी लिमिटेड **76,294 मेगावाट** की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी है और ऊर्जा उत्पादन व्यवसाय की पूरी मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति रखती है। हमारे देश के विकास की चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने 2032 तक 130 गीगावट की सकल स्थापित क्षमता हासिल करने की महत्वाकांक्षी योजना निरूपित की है।

एनटीपीसी को **ई4 स्तर** पर **परियोजना इरेक्शन/कंस्ट्रक्शन** के क्षेत्र में **उप प्रबंधकों** के रूप में **अनुभवी पेशेवरों** की तलाश है। योग्यता आवश्यकताएं निम्न प्रकार हैं:

**क. पद का नामः उप प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल इरेक्शन) – 45 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60 फीसदी अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स में बी.ई./बी. टेक डिग्री।

**अनुभव की रूपरेखाः** पावर/स्टील/रिफाइनरी/उर्वरक/तेल एवं गैस/सीमेंट क्षेत्र में योग्यता पश्चात कम से कम 10 वर्ष का कार्यानुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित) जिसमें से इलेक्ट्रिकल क्षेत्र में इरेक्शन/रखरखाव/कमीशनिंग में न्यूनतम 3 वर्ष का साइट अनुभव शामिल हो।

**ख. पद का नामः उप प्रबंधक (मैकेनिकल इरेक्शन) – 95 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60 फीसदी अंकों के साथ मैकेनिकल/प्रोडक्शन में बी.ई./बी. टेक डिग्री।

**अनुभव की रूपरेखाः** पावर/स्टील/रिफाइनरी/उर्वरक/तेल एवं गैस/सीमेंट क्षेत्र में योग्यता पश्चात कम से कम 10 वर्ष का कार्यानुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित) जिसमें से मैकेनिकल क्षेत्र में इरेक्शन/रखरखाव/कमीशनिंग में न्यूनतम 3 वर्ष का साइट अनुभव शामिल हो।

**ग. पद का नामः उप प्रबंधक (सी एंड आई इरेक्शन) – 35 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60 फीसदी अंकों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स/कंट्रोल एवं इंस्ट्रुमेंटेशन/इंस्ट्रुमेंटेशन में बी.ई./बी. टेक डिग्री।

**अनुभव की रूपरेखाः** पावर/स्टील/रिफाइनरी/उर्वरक/तेल एवं गैस/सीमेंट क्षेत्र में योग्यता पश्चात कम से कम 10 वर्ष का कार्यानुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित) जिसमें से सी एंड आई क्षेत्र में इरेक्शन/रखरखाव/कमीशनिंग में न्यूनतम 3 वर्ष का साइट अनुभव शामिल हो।

**घ. पद का नामः उप प्रबंधक (सिविल कंस्ट्रक्शन) – 75 पद**

**योग्यताः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कम से कम 60 फीसदी अंकों के साथ सिविल/कंस्ट्रक्शन में बी.ई./बी. टेक डिग्री।

**अनुभव की रूपरेखाः** पावर/स्टील/रिफाइनरी/उर्वरक/तेल एवं गैस/सीमेंट क्षेत्र में योग्यता पश्चात कम से कम 10 वर्ष का कार्यानुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित) जिसमें से सिविल कंस्ट्रक्शन में न्यूनतम 3 वर्ष का साइट अनुभव शामिल हो।

**नोटः (सभी के लिए)**

**सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के उम्मीदवारों के लिएः**

I. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के उम्मीदवारों के पास 60000–180000 रुपये या उससे ऊपर के स्केल में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव होना चाहिए (01.01.2017 से प्रभावी एनटीपीसी के ई3 ग्रेड या उससे ऊपर का आईडीए वेतनमान) या समकक्ष स्केल, उपरोक्त 10 वर्षों के योग्यता पश्चात एग्जीक्यूटिव कार्यानुभव (प्रशिक्षण/प्रशिक्षु अवधि, यदि कोई हो, सहित)

ii. इसके अलावा, उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करते समय अपने नियोक्ता से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त कर प्रदान करना होगा

**निजी क्षेत्र के लिएः**

iii. निजी क्षेत्र के लिए, उम्मीदवार को पिछले 03 वित्तीय वर्षों के आयकर रिटर्न से संबंधित फॉर्म 16 जमा करना होगा।

**दस्तावेज अपलोड करनाः**

आवेदन करते समय सभी उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने होंगेः

i. नाम और जन्मतिथि प्रमाण के लिए दसवीं कक्षा का उत्तीर्ण प्रमाणपत्र/मार्कशीट

ii. आधार कार्ड और पैन कार्ड

iii. इंजीनियरिंग की समेकित मार्कशीट/प्रतिलेख/सभी सेमेस्टर मार्कशीट जो स्पष्ट रूप से सभी सेमेस्टर में कुल प्राप्त अंकों का प्रतिशत दर्शाता हो

iv. सीपीजीए/सीजीपीआई/डीजीपीए/सीजीआई/सीपीआई आदि में अंकों को प्रतिशत (%) में बदलने के लिए विश्वविद्यालय/संस्थान से अंक रूपांतरण फॉर्मूला

v. जाति/दिव्यांगता प्रमाण पत्र (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.–एनसीएल/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए) जो भी लागू हो

vi. अ.पि.व.–एनसीएल प्रमाणपत्र वर्तमान वित्त वर्ष (2024–25) के केंद्रीय प्रारूप में होना चाहिए

vii. ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में वर्तमान वर्ष की आय और संपत्ति प्रमाण पत्र जमा करना होगा, यानी प्रमाण पत्र वित्त वर्ष 2023–24 की आय के आधार पर वित्त वर्ष 2024–25 के लिए वैध होना चाहिए।

viii. दिव्यांगता प्रमाण पत्र इस विज्ञापन में उल्लिखित पदों के लिए चिन्हित दिव्यांगता के अनुरूप स्वावलंबन/यूडीआईडी पोर्टल (स्पष्ट रूप से दिव्यांगता के प्रकार और प्रतिशत को बताना होगा) के माध्यम से ऑनलाइन तैयार किए गए केंद्र सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रारूप के अनुसार होना चाहिए।

ix. 10 साल की योग्यता के बाद के एग्जीक्यूटिव कार्यानुभव के समर्थन में दस्तावेज़, जो स्पष्ट रूप से इरेक्शन/कंस्ट्रक्शन/रखरखाव/कमीशनिंग में 03 साल के साइट अनुभव को उजागर करते हों (जैसा कि इस विज्ञापन में प्रत्येक पद के सामने दर्शाया गया है)। अनुभव दस्तावेज कालानुक्रमिक क्रम में होने चाहिए और उम्मीदवार के कार्यकाल और अनुभव की प्रकृति को प्रमाणित करने के लिए इसमें नियुक्ति पत्र, प्रस्ताव पत्र, प्रशिक्षण पूरा होने पर पुष्टिकरण पत्र/आदेश, यदि कोई हो, पदोन्नति आदेश, भूमिका असाइनमेंट आदेश, स्थानांतरण आदेश, सेवा प्रमाण पत्र, कार्यमुक्ति पत्र, प्रति वर्ष 02 वेतन पर्ची जैसे दस्तावेजों के साथ अनुभव की प्रकृति का संकेत देने वाला अनुभव प्रमाण पत्र शामिल होना चाहिए।

x. निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों को पिछले 03 वित्तीय वर्षों के लिए वर्तमान/पूर्व नियोक्ता का फॉर्म 16 भी जमा करना होगा।

xi. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उम्मीदवारों को अपने वर्तमान नियोक्ता का एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जमा करना होगा

xii. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के उम्मीदवारों को पद पर न्यूनतम 02 वर्ष के अनुभव को सत्यापित करने के लिए वेतनमान सर्कुलर/मैट्रिक्स और 60000–180000 रुपये या उससे ऊपर का स्केल (01.01.2017 से प्रभावी एनटीपीसी के ई3 ग्रेड या उससे ऊपर का आईडीए वेतनमान) ) या समकक्ष स्तर की पोस्ट/प्रोफाइल होना चाहिए

**नोट– उम्मीदवारों को आवेदन करते समय सभी दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा। अपूर्ण/अपर्याप्त दस्तावेजों वाले आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे/आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जाएगा।**

**सभी पदों के लिए अधिकतम आयु सीमाः 40 वर्ष**

**नियुक्ति का लेवल/वेतनमानः ई4 ग्रेड/आईडीए (रु. 70000 – 200000/–)**

**रिक्तियां**

| क्षेत्र | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इरेक्शन | 19 | 4 | 11 | 7 | 4 | 45 |
| मैकेनिकल इरेक्शन | 40 | 9 | 25 | 14 | 7 | 95 |
| सी एंड आई इरेक्शन | 15 | 3 | 9 | 5 | 3 | 35 |
| सिविल कंस्ट्रक्शन | 31 | 7 | 19 | 12 | 6 | 75 |

पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगी। एनटीपीसी प्रबंधन के विवेक के अनुसार उपरोक्त अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या में बढ़ोतरी/कमी हो सकती है।

पद हेतु चिन्हित दिव्यांगता का प्रकारः **इलेक्ट्रिकल इरेक्शनः** ए) डी, एचएच बी) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी सी) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई डी) एमडी जिसमें (ए) से (सी) शामिल है, **मैकेनिकल इरेक्शनः** ए) डी, एचएच बी) ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी सी) एसएलडी, एमआई डी) एमडी जिसमें (ए) से (सी) शामिल है, **सी एंड आई इरेक्शनः** ए) डी, एचएच बी) ओए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी सी) एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई डी) एमडी जिसमें (ए) से (सी) शामिल है, **सिविल कंस्ट्रक्शनः** ए) डी, एचएच बी) ओए, ओएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी सी) एसएलडी, एमआई डी) एमडी जिसमें (ए) से (सी) शामिल है,

**स्वास्थ्य**

उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। पदभार संभालने से पहले, उम्मीदवार को एनटीपीसी के किसी भी अस्पताल में चिकित्सा परीक्षा से होकर गुजरना होगा और उसका निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं।

**सामान्य शर्तेः**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता के संदर्भ में, आवेदन करने के लिए अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को केवल उत्तीर्ण अंक की आवश्यकता होगी।
3. आयु/अनुभव संबंधी आवश्यकता/योग्यता की सभी संगणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से प्रभावी होंगी।
4. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त वैध ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व./अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, होना आवश्यक है। चिन्हित रिक्त पदो के लिए संबंधित श्रेणी के मामले में अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष, अ.पि.व. उम्मीदवारों को 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। भूतपूर्व सैनिकों को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट दी जायेगी।
5. आवश्यकता के आधार पर, यदि आवश्यकता पड़ी तो कंपनी बिना किसी नोटिस के और बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या को रद्द/प्रतिबंधित/कटौती/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
6. उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए, यदि आवश्यक हो तो, प्रबंधन बहु–स्तरीय चयन प्रक्रिया आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसमें आवेदन की शॉर्टलिस्टिंग/स्क्रीनिंग (योग्यता, योग्यता के बाद के अनुभव/साइट अनुभव के वर्षों की संख्या आदि के आधार पर) लिखित/कंप्यूटर आधारित परीक्षण, व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि या आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाना शामिल हो सकती है।
7. यह उल्लेख करना उचित है कि केवल इस तथ्य से कि कोई उम्मीदवार विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा कर रहा है, उसे लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने/बुलाए जाने या चयन प्रक्रिया के लिए विचार किए जाने का अधिकार नहीं मिल जाएगा।
8. नियुक्ति एनटीपीसी के किसी भी स्टेशन/परियोजना/जेवी/सहायक कंपनी में होगी। सभी पद प्रबंधन के एकल विवेकानुसार स्थानांतरणीय हैं।
9. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथियों पर ऊपर उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है और दिए गए विवरण हर तरह से सही हैं। यदि नियुक्ति के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही निरस्त हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई भी कमी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जाएंगी। किसी भी रूप में प्रचार करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
10. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कार्यवाही और (या इसके जवाब में आवेदन केवल दिल्ली में ही स्थापित किया जा सकता है और केवल दिल्ली में न्यायालयों/अधिकरणों/मंचों के पास ऐसे मामले/विवाद के संबंध में किसी भी कानूनी कार्यवाही के लिए एकमात्र और विशेष अधिकार क्षेत्र होगा।
11. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**आवेदन कैसे करेंः**

इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर लॉग ऑन करें या **www.ntpc.co.in** के कॅरिअर सेक्शन में जाएं। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/तरीका स्वीकार नही किया जाएगा। उम्मीदवारों के पास एक वैध ई–मेल आईडी होना आवश्यक है। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ई–मेल के बाउंस बैक के लिए एनटीपीसी उत्तरदायी नहीं होगा। सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व. श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार को 300/– रुपए के गैर–वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी/ भूतपूर्व सैनिक श्रेणी और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

**ऑफलाइन माध्यम से भुगतानः** भारतीय स्टेट बैंक को एनटीपीसी की ओर से सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोडः 09996) में विशेष रूप से खोले गए खाते **(खाता संख्या 30987919993)** में आवेदन शुल्क जमा करने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को आवेदन पोर्टल पर उपलब्ध "पे–इन–स्लिप" के प्रिंटआउट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा। पोर्टल से मुद्रित पे–इन–स्लिप का उपयोग केवल आवंटित खाते में राशि के उचित क्रेडिट के लिए शुल्क जमा करने के लिए किया जाना चाहिए। धन प्राप्त होने पर, बैंक एक विशेष जर्नल नंबर और धन एकत्र करने वाले बैंक का एक शाखा कोड जारी करेगा। यह जर्नल नंबर और शाखा कोड उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन के दौरान भरे जाने हैं। उम्मीदवार द्वारा गलत खाते में शुल्क जमा करने की स्थिति में एनटीपीसी उत्तरदायी नहीं होगा।

**ऑनलाइन माध्यम से भुगतानः** उम्मीदवारों के पास शुल्क का भुगतान ऑनलाइन (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) करने का विकल्प भी मौजूद है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध होगा।

एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी योग्यता मानदंड को सत्यापित कर लें। **ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उम्मीदवार को सिस्टम द्वारा उत्पन्न आवेदन पर्ची को विशेष आवेदन संख्या के साथ डाउनलोड करना आवश्यक है।** उम्मीदवार द्वारा भविष्य में संदर्भ के लिए आवेदन पर्ची की प्रति अपने पास रखी जा सकती है। डाक द्वारा हमें कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।

यह अनिवार्य है कि पद हेतु आवेदन करते समय योग्य उम्मीदवार विज्ञापन का पूरा पाठ पढें और दी गई सभी शर्तों से सहमत हों। आगे कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/नवीनतम जानकारी केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

**ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक तिथिः 14.09.2024**
**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथिः 28.09.2024**

**धोखाधड़ी से सावधान रहेंः**

एनटीपीसी लिमिटेड में नियुक्ति सूचना केवल प्रमुख समाचार पत्रों, इम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में अधिसूचित की जाती है और इसे एनटीपीसी की आधिकारिक वेबसाइट **www.ntpc.co.in,** कॅरिअर पोर्टल **careers.ntpc.co.in** और एनटीपीसी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर भी दर्शाया जाता है।

*विद्युत क्षेत्र में अग्रणी*

# भारतीय नौसेना

## विभिन्न पदों पर शॉर्ट सर्विस कमीशन आधार पर अधिकारियों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित हैं- जून 2025 (एटी 25) पाठ्यक्रम



**ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तारीख -14 सितंबर 24**

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि -29 सितंबर 24**

1. भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) एझिमाला, केरल में जून 2025 से शुरू होने वाले पाठ्यक्रम के लिए शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) के लिए पात्र अविवाहित पुरुषों और अविवाहित महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित राष्ट्रीयता की शर्तों को पूरा करना होगा.

**पात्रता की शर्तें**

**2. शैक्षिक योग्यता**

| क्र.सं. | शाखा/संवर्ग | बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग/बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी में पात्रता विषय और अन्य योग्यताएं | रिक्ति | लिंग | के बीच पैदा हुआ हो (दोनों तारीखें शामिल) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **कार्यकारी शाखा** | | | |
| (क) | सामान्य सेवा {जीएस(एक्स)/हाइड्रो कैडर} | न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक. | 56 (06 हाइड्रो सहित) | पुरुष और महिलाएं {जीएस (एक्स) में अधिकतम 15 रिक्तियां और महिलाओं के लिए जीएस (हाइड्रो) में 02 रिक्तियां} | 02 जुलाई 2000 से 01 जनवरी 2006* |
| (ख) | पायलट | न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक. (उम्मीदवार के पास कक्षा X और XII में कुल 60 प्रतिशत अंक और कक्षा X या कक्षा XII में अंग्रेजी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए). | 24 | पुरुष और महिलाएं (महिलाओं के लिए अधिकतम 07 रिक्तियां) | 02 जुलाई 2001 से 01 जुलाई 2006** |
| (ग) | नौसेना वायु परिचालन अधिकारी (वायु चालक दल) | | 21 | पुरुष और महिलाएं (महिलाओं के लिए अधिकतम 06 रिक्तियां) | 02 जुलाई 2001 से 01 जुलाई 2006 |
| (घ) | वायु यातायात नियंत्रक (एटीसी) | | 20 | पुरुष और महिलाएं | 02 जुलाई 2000 से 01 जुलाई 2004 |
| (ङ) | लॉजिस्टिक्स | (i) किसी भी विषय में प्रथम श्रेणी के साथ बी.ई./बी.टेक. **या**<br>(ii) प्रथम श्रेणी के साथ एम.बी.ए., **या**<br>(iii) प्रथम श्रेणी के साथ बी.एससी./बी.कॉम./बी.एससी. (आई.टी.) के साथ वित्त/लॉजिस्टिक्स/आपूर्ति शृंखला प्रबंधन/सामग्री प्रबंधन में पी.जी. डिप्लोमा, **या**<br>(iv) प्रथम श्रेणी के साथ एम.सी.ए./ एम.एससी. (आई.टी.). | 20 | पुरुष और महिलाएं (महिलाओं के लिए अधिकतम 06 रिक्तियां) | 02 जुलाई 2000 से 01 जनवरी 2006 |
| (च) | नौसेना आयुध निरीक्षणालय संवर्ग (एनएआईसी) | मैकेनिकल /ऑटोमेशन के साथ मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स/माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स /इंस्ट्रूमेंटेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार /इलेक्ट्रॉनिक्स और दूर-संचार/इंस्ट्रूमेंटेशन और नियंत्रण/नियंत्रण इंजीनियरिंग /उत्पादन /औद्योगिक उत्पादन /औद्योगिक इंजीनियरिंग /एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन /इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन/सूचना प्रौद्योगिकी /कंप्यूटर विज्ञान /कंप्यूटर इंजीनियरिंग / कंप्यूटर अनुप्रयोग /धातुकर्म /रासायनिक /सामग्री विज्ञान /एयरो स्पेस / वैमानिकी इंजीनियरिंग में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ बी.ई. /बी.टेक या इलेक्ट्रॉनिक्स /भौतिकी में स्नातकोत्तर डिग्री.<br>(उम्मीदवार के पास कक्षा X और XII में 60 प्रतिशत कुल अंक और कक्षा X या कक्षा XII में अंग्रेजी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए). | 16 | पुरुष और महिलाएं | 02 जुलाई 2000 से 01 जनवरी 2006 |
| | | **शिक्षा शाखा** | | | |
| (छ) | शिक्षा | (i) बीएससी में भौतिकी के साथ एम.एससी. (गणित/प्रचालन अनुसंधान) में 60 प्रतिशत अंक.<br>(ii) बीएससी में गणित के साथ एम.एससी. (भौतिकी/अनुप्रयुक्त भौतिकी) में 60 प्रतिशत अंक.<br>(iii) बीएससी में भौतिकी के साथ एम.एससी. रसायन विज्ञान में 60 प्रतिशत अंक. | 07 | पुरुष और महिलाएं | 02 जुलाई 2000 से 01 जुलाई 2004 |
| | | (iv) मैकेनिकल इंजीनियरिंग में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ बी.ई./बी.टेक | 08 | पुरुष और महिलाएं | 02 जुलाई 2000 से 01 जुलाई 2004 |
| | | (v) न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ बी.ई./बी.टेक (इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग)<br>(vi) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से निम्नलिखित में से किसी भी विषय में एम.टेक में 60 प्रतिशत अंक :-<br>(क) थर्मल/प्रोडक्शन इंजीनियरिंग/मशीन डिज़ाइन में एम.टेक.<br>(ख) संचार प्रणाली इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग/ वीएलएसआई/पावर सिस्टम इंजीनियरिंग में एम.टेक. | | पुरुष और महिलाएं | 02 जुलाई 1998 से 01 जुलाई 2004 |
| | | नोट : शिक्षा प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को कक्षा X और कक्षा XII में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक तथा कक्षा X या कक्षा XII में अंग्रेजी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे. | | | |
| | | **तकनीकी शाखा** | | | |
| (ज) | इंजीनियरिंग शाखा {सामान्य सेवा (जीएस)} | (i) मैकेनिकल/ऑटोमेशन के साथ मैकेनिकल (ii) मरीन (iii) इंस्ट्रूमेंटेशन (iv) प्रोडक्शन (v) एयरोनॉटिकल (vi) इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट (vii) कंट्रोल इंजीनियरिंग (viii) एयरो स्पेस (ix) ऑटोमोबाइल्स (x) धातुकर्म (xi) मेकाट्रॉनिक्स (xii) इंस्ट्रूमेंटेशन और कंट्रोल में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ बी.ई./बी.टेक. | 36 | पुरुष और महिलाएं (महिलाओं के लिए अधिकतम 11 रिक्तियां) | 02 जुलाई 2000 से 01 जनवरी 2006* |
| (झ) | इलेक्ट्रिकल शाखा {सामान्य सेवा (जीएस)} | (i) इलेक्ट्रिकल (ii) इलेक्ट्रॉनिक्स (iii) इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स (iv) इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार (v) इलेक्ट्रॉनिक्स और | 42 | पुरुष और महिलाएं (महिलाओं के लिए अधिकतम 13 रिक्तियां) | 02 जुलाई 2000 से 01 जनवरी 2006 |

[redacted]

| क्र.सं. | शाखा/संवर्ग | बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग/बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी में पात्रता विषय और अन्य योग्यताएं | रिक्ति | लिंग | के बीच पैदा हुआ हो (दोनों तारीखें शामिल) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दूर-संचार (vi) दूर-संचार (vii) एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन (एईसी) (viii) इंस्ट्रूमेंटेशन (ix) इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन (x) इंस्ट्रूमेंटेशन और कंट्रोल (xi) एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन (xii) पावर इंजीनियरिंग (xiii) पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ बी.ई./बी.टेक. | | | |

**टिप्पणी (1)**

(क) पैरा 2 में उल्लिखित रिक्तियां अनंतिम हैं और प्रशिक्षण स्लॉट की उपलब्धता के आधार पर बदली जा सकती हैं.

**(ख) पनडुब्बी शाखा**

(i) जीएस (एक्स), जीएस (इंजीनियरिंग) और जीएस (इलेक्ट्रिकल) के लिए चुने गए पुरुष उम्मीदवार भी मेडिकल फिटनेस, रिक्तियों और सेवा आवश्यकताओं के अधीन पनडुब्बी शाखा के लिए आवेदक बनने के पात्र हैं. इन शाखाओं के लिए विकल्प का प्रयोग करने वाले उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय पनडुब्बी विशेषज्ञता के लिए विकल्प भी इंगित करना होगा.

(ii) पनडुब्बी विशेषज्ञता के लिए अंतिम चयन /नामांकन पनडुब्बी चिकित्सा (आईएनए में शामिल होने के बाद) और सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन होगा.

(iii) मौजूदा नियमों के अनुसार प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद उम्मीदवारों को पनडुब्बी भत्ता प्रदान किया जाएगा.

(ग) दूर संचालित एयरक्राफ्ट (आरपीए) विशेषज्ञता. जीएस (एक्स) के तहत चुने गए उम्मीदवारों को आरपीए (आईएनए में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद) में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए नामित किया जा सकता है, जो मेडिकल फिटनेस और सेवा आवश्यकताओं के अधीन है.

(घ) ***मर्चेंट नेवी कार्मिक.** (i) भारत सरकार, जहाजरानी और परिवहन मंत्रालय से योग्यता प्रमाणपत्र (विदेश जाने वाला) या तो सेकंड मेट, मेट या मास्टर के रूप में रखने वाले उम्मीदवार और जिनका जन्म 02 जुलाई 1995 से 01 जनवरी 2006 (दोनों तिथियां शामिल) के बीच हुआ हो, वे पैरा 2 (क) में बताई गई शर्तों के अनुसार कार्यकारी शाखा में प्रवेश (सामान्य सेवा) के लिए आवेदन कर सकते हैं.

(ii) भारत सरकार, जहाजरानी और परिवहन मंत्रालय से स्टीमशिप के प्रथम श्रेणी इंजीनियर के रूप में योग्यता प्रमाणपत्र रखने वाले उम्मीदवार और जिनका जन्म 02 जुलाई 1995 से 01 जनवरी 2006 (दोनों तिथियां शामिल) के बीच हुआ हो, वे पैरा **2 (ज)** में बताई गई शर्तों के अनुसार तकनीकी शाखा में प्रवेश (एसएससी इंजीनियरिंग) के लिए आवेदन कर सकते हैं.

(ङ) ****कमर्शियल पायलट लाइसेंस (सीपीएल) धारक.** डीजीसीए (भारत सरकार) द्वारा जारी वैध सीपीएल रखने वाले और **02 जुलाई 2000 से 01 जुलाई 2006 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच** जन्मे उम्मीदवार पैरा **2 (ख)** में बताए गए पात्रता मानदंडों के अनुसार पायलट प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं.

(च) **एनसीसी उम्मीदवार.** एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्र धारकों को एसएसबी के लिए शॉर्टलिस्टिंग के लिए कट ऑफ अंकों में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, बशर्ते कि वे निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करें :-

(i) नौसेना/सेना/वायु विंग का एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्र न्यूनतम 'बी' ग्रेड के साथ होना चाहिए.

(ii) एनसीसी के वरिष्ठ डिवीजन, नौसेना/सेना/वायु विंग में कम से कम दो शैक्षणिक वर्षों के लिए सेवा की हो.

(iii) 'सी' प्रमाणपत्र 01 **जून 2022** से पहले का नहीं होना चाहिए.

**टिप्पणी (2)** अंतिम चयन डीजीएनसीसी/संबंधित एनसीसी इकाई द्वारा प्रमाण पत्र की वैधता के सत्यापन के अधीन होगा. गलत घोषणा, गलत सूचना या जानकारी छिपाने के मामले में चयन/प्रशिक्षण/कमीशनिंग परवर्ती के किसी भी चरण में व्यक्ति की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

**3. आवेदन कौन कर सकता है ?**

| | | |
|---|---|---|
| ● ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने कुल मिलाकर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष सीजीपीए के साथ स्नातक/स्नातकोत्तर किया हो या अंतिम वर्ष में हों.<br>● उपर्युक्त विश्वविद्यालय की स्थापना भारत में केंद्रीय या राज्य विधानमंडल के अधिनियम या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षणिक संस्थान के अधीन की गई हो अथवा या यूजीसी अधिनियम 1956; आईआईटी अधिनियम, 1961; एआईसीटीई अधिनियम, 1987; एनआईटीएसईआर अधिनियम, 2007; आईआईआईटी अधिनियम, 2014 के तहत विश्वविद्यालय/स्वायत्त विश्वविद्यालय के रूप में घोषित किया जाना चाहिए. | **अथवा** | ● किसी विदेशी विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थान से कुल 60 प्रतिशत अंकों या समकक्ष सीजीपीए/सिस्टम के साथ इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं.<br>● विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थान को इस उद्देश्य के लिए भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त होनी चाहिए या एआईयू अधिनियम 1973 के तहत स्थापित भारतीय विश्वविद्यालय संघ से इंजीनियरिंग डिग्री/समकक्ष प्रमाण पत्र प्राप्त अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं. |

**टिप्पणी (3)**

(क) उम्मीदवार को जून 2025 तक आईएनए, एझिमाला में प्रवेश से पहले ऊपर निर्धारित शैक्षणिक योग्यता पूरी करनी होगी.

(ख) निर्धारित शैक्षणिक मानदंडों को पूरा करने में विफल रहने वाले उम्मीदवार को आईएनए, एझिमाला में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(ग) सभी एसएसबी अनुशंसित उम्मीदवारों को 20 जून 25 से पहले भारतीय नौसेना को ईमेल आईडी **officer@navy.gov.in** पर संबंधित डिग्री के अपने अंतिम परिणाम की सूचना देनी होगी.

**टिप्पणी (4)**

(क) एक उम्मीदवार द्वारा केवल एक आवेदन भरा जा सकता है.

(ख) सेवा आवश्यकता के आधार पर उम्मीदवारों की निर्दिष्ट संख्या, जिन्होंने एसएससी (पायलट) भर्ती चुनी है, उन पर एसएसबी /सीपीएसएस /विमानन चिकित्सा परीक्षा के लिए विचार किया जाएगा और उन्हें सलाह दी जाएगी कि वे इस विकल्प को चुनने से पहले इस भर्ती के लिए शारीरिक/चिकित्सा मानकों (कद, पैर की लंबाई आदि) की जांच कराएं. शेष उम्मीदवारों पर उनके द्वारा चुनी गई अन्य प्राथमिकताओं के लिए विचार किया जाएगा.

(ग) यदि अभ्यर्थी अन्य शाखाओं/संवर्गों के लिए भी अपनी प्राथमिकता दर्शाना चाहते हैं, तो उन्हें उन शाखाओं/संवर्गों के लिए भी अपनी प्राथमिकता दर्शानी होगी.

(घ) अभ्यर्थियों को उन शाखाओं/संवर्गों के लिए नहीं माना जाएगा, जिन्हें उन्होंने नहीं चुना है.

(ङ) प्रशिक्षण के सफल समापन के पश्चात अभ्यर्थियों को 31,250/- रुपये का पायलट/एनएओ भत्ता दिया जाएगा.

(च) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी प्राथमिकता दर्शाने से पहले लागू चिकित्सा मानकों के संबंध में शाखाओं/संवर्गों के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें.

(छ) पैरा 2 (च), (छ), (ज) और (ञ) में उल्लिखित योग्यताओं के अलावा बीई/बी.टेक योग्यता की कोई भी समकक्ष स्ट्रीम किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया के लिए वैध नहीं मानी जाएगी.

4. चिकित्सा मानक/कद और वजन/टैटू में छूट की जानकारी के लिए कृपया **www.joinindiannavy.gov.in** वेबसाइट देखें. एसएसबी द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को उनकी भर्ती के लिए लागू चिकित्सा परीक्षा से गुजरना आवश्यक है. किसी भी परिस्थिति में चिकित्सा अस्पताल/केंद्र में बदलाव की अनुमति नहीं होगी.

**5. कमीशन की सेवा अवधि.** चयनित उम्मीदवारों को शुरू में 10 साल के लिए शॉर्ट सर्विस कमीशन दिया जाएगा, जिसे सेवा आवश्यकता, प्रदर्शन, चिकित्सा योग्यता और उम्मीदवारों की इच्छा के अधीन 02 कार्यकाल (02 वर्ष + 02 वर्ष) में अधिकतम 04 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है.

**6. चयन प्रक्रिया : चयन प्रक्रिया इस प्रकार है :-**

(क) आवेदन की शॉर्टलिस्टिंग उम्मीदवारों द्वारा पात्रता डिग्री में प्राप्त सामान्यीकृत अंकों के आधार पर की जाएगी. पात्रता डिग्री में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को ज्वाइन इंडियन नेवी की वेबसाइट (**URL:-https://www.joinindiannavy.gov.in/files/normalisation.pdf**) पर उल्लिखित सूत्र का उपयोग करके सामान्यीकृत किया जाएगा.

(ख) **बीई/बी.टेक :** जिन उम्मीदवारों ने बीई/बी.टेक पूरा कर लिया है या अंतिम वर्ष में हैं, उनके लिए पांचवें सेमेस्टर तक के अंकों को एसएसबी शॉर्टलिस्टिंग के लिए माना जाएगा.

(ग) **स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम :** जिन उम्मीदवारों ने एम.एससी, एमसीए, एमबीए, एम.टेक पूरा कर लिया है, उनके लिए सभी सेमेस्टरों में प्राप्त अंकों पर विचार किया जाएगा. जो उम्मीदवार अंतिम वर्ष में हैं, उनके लिए शॉर्टलिस्टिंग प्री-फाइनल वर्ष में प्राप्त अंकों के आधार पर होगी.

(घ) अंतिम मेरिट सूची में चयनित उम्मीदवारों को न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ योग्यता डिग्री पूरी करने का प्रमाण ईमेल पते पर भेजकर प्रस्तुत करना होगा. मानदंडों को पूरा करने में विफल रहने वाले उम्मीदवारों को अकादमी में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(ङ) शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को एसएसबी साक्षात्कार के लिए उनके चयन के बारे में ई-मेल या एसएमएस (उम्मीदवारों द्वारा उनके आवेदन पत्र में प्रदान किए गए) के माध्यम से सूचित किया जाएगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चयन प्रक्रिया समाप्त होने तक अपना ई-मेल/मोबाइल नंबर न बदलें और समय-समय पर अपने इनबॉक्स और स्पैम फोल्डर की जांच करें.

(च) किसी भी परिस्थिति में साक्षात्कार के लिए एसएसबी केंद्र में बदलाव की अनुमति नहीं है.

(छ) एसएसबी तिथियों में बदलाव के बारे में कोई भी पत्राचार कॉल अप लैटर प्राप्त होने पर संबंधित एसएसबी के कॉल अप अधिकारी को संबोधित किया जाना चाहिए. उम्मीदवारों को एसएमएस/ईमेल (उम्मीदवारों द्वारा उनके आवेदन में प्रदान किए गए) के माध्यम से नौसेना मुख्यालय से सूचना प्राप्त होने पर कॉल अप लैटर डाउनलोड करना होगा.

(ज) एसएसबी साक्षात्कार के दौरान परीक्षणों के परिणामस्वरूप किसी भी चोट के मामले में कोई मुआवजा स्वीकार्य नहीं है.

(झ) एसएसबी साक्षात्कार के लिए एसी 3 टियर रेल किराया स्वीकार्य है, बशर्ते आप किसी भी कमीशन के लिए पहली बार उपस्थित हो रहे हैं. उम्मीदवारों को एसएसबी के लिए उपस्थित होने के दौरान पासबुक या चेक लीफ के पहले पृष्ठ की फोटोकॉपी लानी होगी, जिस पर नाम, खाता संख्या, और आईएफएससी का उल्लेख किया गया हो.

(ञ) एसएसबी प्रक्रिया का विवरण भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध है.

7. **योग्यता सूची :** रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार सभी पदों पर भर्ती के लिए एसएसबी में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता सूची तैयार की जाएगी.

**8. प्रशिक्षण**

(क) उम्मीदवारों को रिपोर्टिंग के बाद आईएनए, एझिमाला में भर्ती चिकित्सा परीक्षा में उपयुक्त पाए जाने के अधीन सब लेफ्टिनेंट के पद पर भर्ती किया जाएगा.

(ख) केवल अविवाहित उम्मीदवार ही प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं. कोई भी उम्मीदवार जो विवाहित पाया जाता है या प्रशिक्षण के दौरान विवाह करता है, उसे सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा और वह सरकार से प्राप्त पूर्ण वेतन और भत्ते तथा उम्मीदवार पर किए गए अन्य व्यय वापस करने के लिए उत्तरदायी होगा.

(ग) यदि अधिकारी स्वेच्छा से प्रारंभिक प्रशिक्षण से हट जाता है या परिवीक्षा अवधि के दौरान त्यागपत्र देता है, तो उसे प्रशिक्षण की लागत, पूरी तरह या आंशिक रूप से वापस करनी होगी, जैसा कि सरकार द्वारा निर्धारित किया जा सकता है और सरकार से वेतन और भत्ते के रूप में प्राप्त सभी धनराशि और साथ ही उक्त धनराशि पर सरकारी ऋण के लिए लागू दर पर गणना किया गया ब्याज वापस करना होगा.

**9. परिवीक्षा अवधि :** एसएससी (एनएआईसी) अधिकारियों के लिए परिवीक्षा अवधि तीन वर्ष है और अन्य शाखाओं/संवर्गों के अधिकारियों के लिए दो वर्ष है. परिवीक्षा अवधि सब-लेफ्टिनेंट के पद की स्वीकृति की तिथि से शुरू होगी और एसएससी (एनएआईसी) के लिए तीन साल और अन्य शाखाओं/कैडरों के लिए दो साल या प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा होने पर (जो भी बाद में हो) समाप्त हो जाएगी. परिवीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर असंतोषजनक प्रदर्शन के मामले

(शेष पृष्ठ 11 पर)

# नवराष्ट्र निर्माण के प्रणेता और आधारभूत स्वच्छता अभियान के संवाहक श्री मोदी

● डॉ. मोहन यादव



नीति सही, रीति नई।
गति सही, राह नई।।
चुनो चुनौती सीना
ताना।
जग में बढ़ाओ, देश
का मान।।

लाल किले की प्राचीर से यह उद्घोष करने वाले, नवराष्ट्र निर्माण के दृष्टा, विश्व के लोकप्रिय नेता और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 74वें जन्मदिवस की हार्दिक बधाई...। प्रधानमंत्री जी के जीवन का एक-एक पल समाज, संस्कृति और राष्ट्र की समृद्धि के लिये समर्पित है। राष्ट्र निर्माण के लिये उनका अविराम कार्य, उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हमारे लिये प्रेरणा स्रोत हैं। प्रधानमंत्री जी के ऊर्जावान और करिश्माई नेतृत्व में देश ने अकल्पनीय प्रगति की है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में होने वाले रिफॉर्म्स और परफॉर्मेंस से पूरे देश में ट्रांसफॉर्मेशन हुआ है। हर क्षेत्र में होने वाली प्रगति की असीम संभावनाओं को पूरा विश्व स्वीकार रहा है।

प्रधानमंत्री जी ने स्वतंत्रता की सौवीं वर्षगांठ पर भारत को विश्व में सर्वोच्च स्थान पर स्थापित करने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिये उन्होंने देश को आत्मनिर्भर भारत का मंत्र दिया है। उनके मार्गदर्शन में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के साथ सेवा, सुरक्षा, समृद्धि, समानता और सुशासन के लिये श्रृंखलाबद्ध जनकल्याणकारी नीतियों और नवाचारों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

स्वच्छता से स्वास्थ्य और स्वास्थ्य से समृद्धि को धरातल पर लाने के लिये श्री मोदी जी ने प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालते ही स्वच्छता को प्राथमिकता में लिया। वर्ष 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के आह्वान को आत्मसात करके देश को स्वच्छ भारत मिशन का स्वरूप दिया। इस आधारभूत आवश्यक स्वच्छता अभियान से समूचा देश जुड़ गया। स्वच्छता भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई जो देश में बदलाव ला रही है। यह अभियान स्वच्छता के स्थायी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने, स्वच्छता को आचरण में शामिल करने और स्वस्थ वातावरण के लिए सार्वजनिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य में सफल हुआ है। स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े इस मिशन से विशेषकर बच्चों और महिलाओं में अस्वच्छता से होने वाली बीमारियां कम हुई हैं। स्वच्छता चर्चा का विषय बना और उसे अमल में लाया गया जिससे महिलाएं सुरक्षित हुई हैं और उनका सम्मान बढ़ा है।

प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में आरंभ हुए स्वच्छ भारत मिशन की इस वर्ष 10वीं वर्षगांठ है। देश को स्वस्थ, समृद्ध और संपन्न बनाने के दृष्टा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस अवसर पर हमने प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम पर आधारित है। इस अभियान के तीन प्रमुख केन्द्र बिन्दु हैं। पहला जन-भागीदारी, जागरूकता और एडवोकेसी, दूसरा स्वच्छता के लिये श्रमदान और स्वच्छता लक्षित इकाई का कायाकल्प तथा तीसरा सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच और सामाजिक सुरक्षा है। इससे लगभग 18 हजार स्थानों को पूर्ण स्वच्छ, 70 हजार सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई, स्वच्छता मित्र शिविर और स्वच्छ भारत सांस्कृतिक महोत्सव से स्वच्छता का मानस निर्मित होगा। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू होकर महात्मा गांधीजी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा।

पर्यावरण सुधार के लिये प्रधानमंत्री जी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया। इस अभियान में मध्यप्रदेश में पांच करोड़ से अधिक पौधे लगाये गये। इंदौर में एक दिन में 11 लाख पौधे लगाकर कीर्तिमान स्थापित किया गया। प्रधानमंत्री जी ने मन की बात कार्यक्रम में जिन दो बातों के लिये मध्यप्रदेश की प्रशंसा की है उनमें इंदौर का पौधरोपण और झाबुआ के सफाई कर्मियों द्वारा वेस्ट मटेरियल से किया गया सृजन कार्य है। झाबुआ के सफाई कर्मियों द्वारा वेस्ट टू वेल्थ को अमल में लाकर रिड्यूज-रियूज और रिसाइकिल को अपनाते हुए कचरे से आर्ट वर्क को तैयार किया जाना एक अनूठी उपलब्धि है।

यह मेरा सौभाग्य है कि असाधारण व्यक्तित्व के धनी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में मुझे कार्य करने का अवसर मिला है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति के कल्याण और एकरूप समाज निर्माण के लिये एकात्म मानव दर्शन का सूत्र दिया था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 हटाकर भारत को एक स्वरूप प्रदान किया है। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास से देश के सभी नागरिकों में एकत्व का अनुभव कराया। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर एयर स्ट्राइक तक भारत की शक्ति का परिचय करवाने के साथ वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से संपूर्ण विश्व में भारत की प्रतिष्ठा स्थापित की।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 10 वर्षों के कालखंड में सभी व्यवस्थाओं में सुधार कर देश को विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया है। अब उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। यह श्री मोदी जी के व्यक्तित्व की विशेषता है कि आज समूची दुनिया वैश्विक समस्याओं के समाधान में प्रधानमंत्री जी से मार्गदर्शन की अपेक्षा कर रही है।

मोदी जी के दृष्टिकोण का यह अद्भुत, अनोखा और अकल्पनीय पक्ष है कि जहां उन्होंने विश्व पटल पर व्यापक पहल की, वहीं भारत निर्माण के लिये आधारभूत कार्य से निर्माण और विकास का मार्ग खोजा। स्वच्छता के लिये उनके द्वारा बढ़ाये गये क्रांतिकारी कदम ने समूचे राष्ट्र में एक स्वच्छ संस्कृति स्थापित की है। उनका यह कदम महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा और महिला सम्मान का आधार भी है और आयाम भी।

भारत राष्ट्र को यश, कीर्ति और गौरव दिलाने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की पुनश्च आत्मिक बधाई।

**(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

# जनजाति संस्कृति एवं कला को संरक्षित रखने में कलाकारों का योगदान महत्वपूर्ण



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर प्रवास के दौरान मृगनयनी एम्पोरियम इंदौर में शिल्पकारों से बात की

**इंदौर,** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर प्रवास के दौरान मृगनयनी एम्पोरियम में बुनकरों द्वारा हाथकरघा पर तैयार की गई रेशम एवं कॉटन की चंदेरी, महेश्वरी साड़ियों को देखा। इस दौरान उन्होंने जनजातीय क्षेत्र के हस्तशिल्पी, बुनकरों एवं जनजाति कारीगरों से रूबरू चर्चा की और उनकी कला को सराहा। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को कलाकारों ने अपने हाथों से निर्मित हस्तशिल्प भेंट भी किया। यह सभी कलाकार अपनी विधा में पारंगत हैं और राष्ट्रीय स्तर पर इनकी एक अलग ही पहचान है। राष्ट्रपति से मुलाकात को लेकर सभी कलाकार बहुत उत्साहित थे और उनसे मिलकर बहुत खुश हुए कि उन्हें देश के सर्वोच्च पद पर आसीन श्रीमती मुर्मु से रूबरू मिलने तथा चर्चा करने का अवसर मिला। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा लघु उद्योग निगम के प्रबंध संचालक एवं सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने शिल्पकारों से चर्चा के दौरान कहा कि हमारी पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को संजोकर संरक्षित रखने की जरूरत है। यहां के शिल्पकार इसमें अच्छा योगदान दे रहे हैं। इन्हें प्रोत्साहन देने की जरूरत है, जिससे इन्हें रोज़गार के अवसर मिल सकें। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने शिल्पकारों के आग्रह पर उनके साथ तस्वीर भी खिंचवाई।

**बाग प्रिंट की ली जानकारी**

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने धार जिले के कारीगर श्री मुबारिक खत्री से चर्चा के दौरान उनकी कला बाग प्रिन्ट के बारे में जानकारी ली और पूछा कि वे कब से यह काम कर रहे हैं। कारीगर मुबारिक खत्री ने बताया कि उनकी 11 पीढ़ियों से बाग प्रिंट का कार्य किया जा रहा है। वे अपनी इस कला को आने वाली पीढ़ियों को भी सिखा रहे हैं।

**हथकरघा साड़ी से अवगत कराया**

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को खरगोन जिले के महेश्वर के बुनकर श्री अलाउद्दीन अंसारी ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हथकरघा साड़ी के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नर्मदा नदी में दोपहर के समय सूर्य की जो किरणें पड़ती हैं और उनसे नदी में जो लहरें चमकती हैं, उन्हीं लहरों का प्रिंट हथकरघा साड़ियों की बॉर्डर पर उतारा जाता है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु इस कलाकारी से बहुत प्रभावित हुईं और उन्होंने पूछा कि वे यह काम कब से कर रहे हैं। श्री अंसारी ने बताया कि उनका परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी यह कार्य कर रहा है।

## पत्रकार बीमा योजना में बढ़े हुए प्रीमियम का भार राज्य सरकार उठाएगी

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकारों के हित में 'संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा' योजना में बीमा कंपनी द्वारा बढ़ायी गयी प्रीमियम राशि का भार राज्य सरकार द्वारा वहन करने का निर्णय लिया है। साथ ही बीमा के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख भी 20 सितम्बर से बढ़ाकर 25 सितम्बर कर दी गयी है। योजना में शामिल होने वाले पत्रकारों से गत वर्षों की तरह ही प्रीमियम लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने इंदौर में नवनिर्मित ब्लॉक का किया लोकार्पण

**इंदौर,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में 600.84 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित (G+2) ब्लॉक का लोकार्पण किया।

दंत चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित ब्लॉक का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. इंदौर के माध्यम से पूर्ण किया गया है। नवीन ब्लॉकों के निर्माण कार्य होने से महाविद्यालय में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में भारतीय दंत परिषद नई दिल्ली द्वारा निरीक्षण उपरांत दर्शायी गई स्पेस की कमी की पूर्ति पूर्ण हो सकेगी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा दंत चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर में ओ.पी.जी. मशीन एवं 75 डेंटल चेयर यूनिट मध्यप्रदेश पब्लिक हैल्थ कॉरपोरेशन के माध्यम से स्थापित की जा रही है। उपरोक्त मशीनरी की स्थापना का लाभ स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं बाह्य रोगी विभाग में आने वाले दंत रोगियों को होगा।

# लघु व्यवसायियों को उपलब्ध करवाएं सुविधाएं



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की समीक्षा करते हुए

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि छोटे, घरेलू उद्योगों से जुड़े लघु व्यवसायियों को उनके उत्पाद के ऑनलाइन विक्रय की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग प्रयास बढ़ाए। अपने पोर्टल के विकास के साथ कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग लघु और सूक्ष्म उद्योगों का संचालन करने वाले व्यवसायियों की उन्नति के लिए नोडल विभाग की भूमिका में कार्य करे। प्रदेश में उत्पादित ऐसे उत्पाद प्रदेश और देश में बिकने के साथ ही भविष्य में निर्यात किए जा सकें, इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। भोपाल हाट और प्रदेश के अन्य स्थानों पर महिला व्यवसायियों के लिए साप्ताहिक महिला हाट में विभिन्न उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था की जाए।

बैठक में बताया गया कि उज्जैन में वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट, जीआई उत्पाद, हस्तशिल्प उत्पाद और अन्य स्थानीय उत्पादों के प्रचार और बिक्री के लिए वन स्टॉप मार्केट प्लेस के रूप में यूनिटी मॉल स्थापित किया जाएगा। यह देश में अपनी तरह का प्रथम यूनिटी मॉल होगा। इस संबंध में कार्यवाही प्रचलन में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग बांस उत्पादकों को प्रोत्साहन देकर अगरबत्ती निर्माण जैसे कुटीर उद्योगों को लाभान्वित करें। उन जिलों में जहाँ बांस उत्पादन कम है, नदियों के किनारे बांस के सघन रोपण और विकास से जल से होने वाले कटाव को रोकने में सहायता मिलेगी, इसके साथ ही बांस उत्पादन का लाभ भी मिलेगा। हैण्डलूम के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आर्थिक लाभ दिलवाया जाए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का पंचामृत संकल्प विश्व को नई दिशा देगा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चौथे ग्लोबल रीन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट में निवेशकों से चर्चा करते हुए

**गांधीनगर,** चौथे ग्लोबल रीन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट के दूसरे चरण में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मध्य गहन विचार-विमर्श हुआ। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'पंचामृत' का संकल्प, वर्ष 2070 तक नेट जीरो ऐमिशन का लक्ष्य प्राप्त करना, वर्ष 2030 तक गैर परंपरागत ऊर्जा क्षमता 500 गीगावॉट तक बढ़ाना, वर्ष 2030 तक सकल ऊर्जा उत्पादन में नवकरणीय ऊर्जा का हिस्सा बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक ले जाना, ऐमिशन्स की तीव्रता को 45 प्रतिशत घटाना और कार्बन उत्सर्जन में 2030 तक 1 बिलियन टन की कमी लाने के लिये पूरे विश्व को नई दिशा दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की वर्ष 2012 में नवकरणीय ऊर्जा की क्षमता 500 मेगावॉट से भी कम थी। हमने अलग से विभाग का गठन कर नीतियों और विभिन्न प्रोत्साहन से 12 सालों में क्षमता को 14 गुना बढ़ाया है और 7 हजार मेगावॉट का लक्ष्य प्राप्त किया है। रीवा सौर परियोजना के अंतर्गत स्थापित सौर ऊर्जा पार्क से देश में पहली बार कोयला उत्पादित ऊर्जा से सस्ती सौर ऊर्जा उपलब्ध कराई गई है। इससे दिल्ली मेट्रो को बिजली दी गई। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में इसे केस स्टडी के रूप में शामिल किया गया है। आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना के नीमच सौर पार्क में बिजली का टैरिफ 2.14 रुपये प्रति यूनिट है, जो देश का न्यूनतम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश, असंभव को संभव करने की शक्ति रखता है। माँ नर्मदा पर ओंकारेश्वर में 600 मेगावॉट क्षमता की दुनिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजना विकसित की जा रही है, जिसमें 200 मेगावॉट परियोजना के पैनल लगाए जा चुके हैं। फ्लोटिंग सोलर परियोजना में वाष्पीकरण से पानी की हानि कम होगी और परियोजना के लिए किसी विस्थापन की आवश्यकता नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश 'हार्ट ऑफ इनक्रेडिबल इंडिया' है। लगभग एक तिहाई वन क्षेत्र के साथ और नवकरणीय ऊर्जा में अग्रणी कार्य करते हुए मध्यप्रदेश 'लंग्स ऑफ इनक्रेडिबल इंडिया' बनने का विजन रखता है। हम आगामी वर्षों में 20 हजार मेगावॉट से ज्यादा नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करेंगे और 2030 तक 50 प्रतिशत ऊर्जा नवकरणीय स्रोतों से लेंगे। मिशन मोड में वर्ष 2025 तक सभी शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप लगाने का लक्ष्य है।

**वन-टू-वन बैठक**

कार्यक्रम के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री ने देशी-विदेशी निवेशकों के साथ मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर वन-टू-वन बैठक कर चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से विंड पावर एसोसिएशन, हीरो फ्यूचर एनर्जी, टौरेंट पॉवर, शक्ति पंप्स, सैम्बकॉर्प सिंगापुर, वारीइनर्जी, सेरेंटिका रीन्यूएबल, रिन्यू पावर, शेल ग्रुप सुजलॉन, वेलस्पन, वेना एनर्जी, ब्लूलीफ बोरोसिल ग्रुप,स्टेट क्राफ्ट आदि के प्रमुख निवेशक, मध्यप्रदेश के नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव उद्योग श्री राघवेंद्र सिंह भी शामिल रहे। व्यक्तिगत रूप से की गई चर्चा में मुख्यमंत्री ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेशकों को निवेश के लिये आमंत्रित किया।

# नए खुलने वाले उद्योगों के पास ही श्रमिकों के लिए विकसित हो रहवास सुविधा

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रम विभाग की गतिविधियों एवं योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि औद्योगिक क्षेत्रों के पास श्रमिकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। ऐसी व्यवस्था की जाए कि नए उद्योग जहां स्थापित हो रहे हैं, वहां उद्योग एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से श्रमिकों के लिए रहवास की सुविधा विकसित हो। औद्योगिक क्षेत्रों में झुग्गी-बस्तियों का नियंत्रण भी इससे हो सकेगा। श्रम विभाग द्वारा इस्कॉन जैसी संस्थाओं से सम्पर्क कर उनकी तर्ज पर भोजन व्यवस्था भी प्रारंभ की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवा, महिला और निर्धन वर्ग को लाभान्वित करने का संकल्प लिया है। श्रम विभाग अन्य विभागों से समन्वय बढ़ाकर इन वर्गों के हित में आवश्यक कदम उठाए। रोज़गार आधारित उद्योगों के लिए औद्योगिक संस्थान में ही प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 16 नगर निगम क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए मॉडल रैन बसेरे बनाने की कार्यवाही चल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मजदूरों के बकाया भुगतान से संबंधित जो मामले लंबित हैं, उन्हें समय-सीमा सुनिश्चित कर निपटाया जाए। इंदौर, नागदा, रतलाम और ग्वालियर के विभिन्न मिलों के साथ ही अन्य मिलों के श्रमिकों की पुरानी बकाया राशि दिलवाने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। विभागीय स्तर पर भी इसकी नियमित समीक्षा की जाए। प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह ने ऐसे प्रकरणों में हो रहे कार्य की प्रगति से अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मॉडल श्रम कल्याण केन्द्र ऐसे औद्योगिक क्षेत्रों के नजदीक बनाए जाएं, जहां श्रमिक संख्या अधिक है, जिससे श्रमिकों को लाभ प्राप्त हो सके।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र में दवाइयां और सर्जिकल सामग्री सुलभता से मिलेगी

**मंडला,** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय मंडला में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। जन औषधि केन्द्र में तीन हजार प्रकार की दवाइयां और तीन सौ प्रकार की सर्जिकल सामग्री मिलेगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से देश के नागरिकों को पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने देश में स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर सेवाभाव के साथ काम करने की अपील की है। जिससे हमारे देश के नागरिक स्वच्छता को अपनाकर स्वस्थ रह सकें।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने देश के प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' अभियान के तहत उप स्वास्थ्य केंद्र महाराजपुर और पं. जवाहर लाल नेहरू बालक माध्यमिक शाला महाराजपुर में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

## पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के लिए किए जाएंगे प्रयास

**इंदौर,** सांची दुग्ध संघ एवं कर्मचारियों को समितियों के माध्यम से सशक्त करते हुए प्रदेश में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। सांची दुग्ध संघ के किसी भी कर्मचारी अथवा आउटसोर्स कर्मचारी को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा। प्रदेश में वर्तमान दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिये विशेष प्रयास किये जाएंगे। सांची ब्रान्ड को और सशक्त बनाया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में मांगलिया स्थित सांची दुग्ध प्लांट में आयोजित कर्मचारी संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने सांची दुग्ध संघ के प्लांट का निरीक्षण भी किया।

# मातृभाषा में अध्ययन को प्रोत्साहित करेगी मध्यप्रदेश सरकार

**भोपाल,** मध्यप्रदेश सरकार हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग और प्रोत्साहन के लिए संकल्पबद्ध है। मध्यप्रदेश प्रमुख हिंदी भाषी राज्य है। मध्यप्रदेश से न सिर्फ डॉक्टर, इंजीनियर हिंदी में शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ रहे हैं बल्कि अन्य पाठ्यक्रमों में भी हिंदी में अध्ययन की सुविधा दी जा सकती है। आगे चलकर एमबीए और अन्य पाठ्यक्रमों में भी हिंदी में अध्ययन करके विद्यार्थी कॅरियर का निर्माण कर सकते हैं। हिंदी बोलने वाले हिंदी का गौरव बढ़ाते हैं। मध्यप्रदेश सरकार विद्यार्थियों को मातृभाषा के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिंदी दिवस पर संस्कृति विभाग द्वारा रवीन्द्र भवन में आयोजित राष्ट्रीय हिंदी भाषा सम्मान अलंकरण समारोह में हिंदी-सेवियों को सम्मानित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी दिवस के अवसर पर भाषा से संबंधित पुनरावलोकन भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी की यात्रा उद्गम अवधी से शुरू हुई। अनेक कठिनाइयों के बाद भी हिंदी की विकास यात्रा सुगमता से आगे बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि कई गैर हिंदी भाषी भी हिंदी के प्रबल समर्थक रहे हैं। अनुकूल समय में प्रतिकूलता से नई आशा रूपी किरणें निकलती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अंग्रेजों और अंग्रेजियत का बोलबाला था, देश के हिंदी प्रेमी विद्वानों और महापुरुषों के सूर्य प्रकाश की रश्मियां हमें जोड़ रही थीं। उस दौर में अंग्रेजियत को नकारना भी एक मुश्किल कार्य था लेकिन राष्ट्र प्रेमियों और हिंदी प्रेमियों ने स्वतंत्रता दिलवाने के साथ ही अपनी भाषा की अस्मिता के लिए भी प्रयास किए। उन्होंने राष्ट्रभाषा का गौरव बढ़ाया।

## साहसिक खेल गतिविधियों को मुख्य खेलों में करें शामिल

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खेल एवं युवक कल्याण की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में मलखंब और जिम्नास्टिक को प्रोत्साहित करने के लिए उज्जैन में पृथक-पृथक अकादमी का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साहसिक खेल गतिविधियों को पर्यटन एवं वन के साथ जोड़कर स्पोर्ट्स एडवेंचर के रूप में मुख्य खेलों में शामिल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न जिलों से युवाओं का चयन कर साहसी खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

# शहडोल जिले की 23 ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण

**शहडोल,** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान (पीएम जन-मन) में शहडोल जिले ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहां एक लाख 16 पात्र हितग्राहियों को पक्के घर की सौगात दे दी गई है। यहाँ की 23 ग्राम पंचायतें तो ऐसी हैं, जिन्होंने अपने सभी पात्र हितग्राहियों को इन आवास योजनाओं से लाभान्वित कर अपना शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है। सरकार की मंशा के अनुरूप यहां हर पात्र व्यक्ति को पक्के घर के साथ-साथ पीएम उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी वाला सिलेन्डर, हर घर बिजली, हर घर नल से जल, गांव तक पहुंच रोड सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आहार एवं कौशल उन्नयन से जुड़ी सभी योजना का लाभ भी दिया जा रहा है।

शहडोल जिले में 31 अगस्त, 2024 तक जनपद पंचायत ब्यौहारी में 18 हजार 753, जनपद पंचायत बुढ़ार में 25 हजार 394, जनपद पंचायत गोहपारू में 14 हजार 614, जनपद पंचायत जयसिंहनगर में 25 हजार 32 एवं जनपद पंचायत सोहागपुर में 16 हजार 223 आवास पूर्ण कर संबंधित हितग्राहियों सौंप दिये गये हैं।

शहडोल में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 58 हजार 932 परिवारों, अनुसूचित जाति वर्ग के 9 हजार 255 परिवारों तथा अन्य वर्गों के 31 हजार 829 परिवारों के आवास पूरे कर लिये गये हैं। जिले की 23 ग्राम पंचायतों ने अपने सभी चिन्हित हितग्राहियों के आवासों का समय-सीमा में निर्माण पूरा कर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कर ली है।

# देश की अखण्डता और एकता का प्रकल्प हैं तीर्थ-यात्राएं

**उज्जैन,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अन्तर्गत उज्जैन में आयोजित तीर्थ-यात्रा के शुभारम्भ कार्यक्रम को इन्दौर से वर्चुअली सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में तीर्थ-यात्राओं का अत्यधिक महत्व है। हमारे देश की एकता और अखण्डता का प्रकल्प हैं तीर्थ यात्राएं। तीर्थ यात्रा करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीर्थ-दर्शन योजना ने चारों धाम और बारह ज्योतिर्लिंगों को जोड़ने का काम किया है।

धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व संचालनालय उज्जैन में स्थानांतरित होने के बाद पहली मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा का शुभारम्भ उज्जैन से किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की चारों दिशाओं को जोड़ने के लिये



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में तीर्थ-दर्शन यात्रा को हरी झंडी दिखाई

1400 वर्ष पहले आदिगुरु शंकराचार्य ने चार मठों की स्थापना कर धार्मिक यात्राएं प्रारम्भ की थीं। हमारे जीवन में जितना महत्व माता-पिता के आशीर्वाद, पुत्री के कन्यादान और पुत्र से प्राप्त मुखाग्नि का है, उतना ही महत्व तीर्थ दर्शन का भी है। तीर्थ हमारे पापों का नाश कर मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर उज्जैन से काशी विश्वनाथ और अयोध्या के लिये तीर्थ-यात्रियों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि हमारे चार धाम और बारह तीर्थ हमारी सनातन परम्परा के संवाहक और संस्कृति के अजर-अमर प्रमाण हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# मध्यप्रदेश में सड़क निर्माण में नई तकनीकों के उपयोग पर जोर

**भोपाल,** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह की मंशा के अनुसार प्रदेश में सड़क निर्माण और संधारण के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस दिशा में वाइट टॉपिंग तकनीक को लेकर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया गया, जिसमें सीआरआरआई के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार ने विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम लोक निर्माण विभाग के ईएनसी श्री राकेश मेहरा और प्रमुख अभियंता श्री संजय मस्के की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, और अनुविभागीय अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया।

वाइट टॉपिंग एक उन्नत तकनीक है, जो सड़कों की दीर्घकालिक मजबूती और टिकाऊपन को बढ़ाती है। इस तकनीक के माध्यम से सड़क निर्माण और संधारण में उल्लेखनीय सुधार की संभावना है, जिससे राज्य में बुनियादी ढांचे का विकास और तेज गति से होगा। श्री राकेश सिंह ने इस पहल पर जोर देते हुए कहा कि सड़क निर्माण में नई तकनीकों का उपयोग भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे सड़कों की गुणवत्ता में सुधार होगा और रखरखाव की लागत में भी कमी आएगी।

# ईको टूरिज्म से प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जायेगा

**भोपाल,** वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने वन भवन में मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड की साधारण सभा की 15वीं बैठक में कहा कि ईको टूरिज्म से प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ के अवसर प्रदान किये जायेंगे। श्री रावत ने कहा कि प्राकृतिक और सांस्कृतिक संसाधनों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता बढ़ाना हमारा लक्ष्य होगा। स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने से पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के लिये लाभकारी होगा।

श्री रावत ने कहा कि मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय उद्यान एवं टाइगर रिजर्व में सिंगल प्लास्टिक को बैन करना सुनिश्चित किया जाये। स्व-सहायता समूह के सदस्यों से कपड़े का थैला तैयार कराकर पर्यटकों को सशुल्क उपलब्ध करायें, जिससे पर्यटक प्लास्टिक बैग न लायें। पर्यटकों की सुविधा के लिये पार्क प्रबंधन वाटर बॉटल भी सशुल्क उपलब्ध करायें। बोर्ड के गंतव्य स्थलों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे अभयारण्यों में पर्यटकों का रुझान बढ़े। उन्होंने कहा कि ईको पर्यटन से स्थानीय समुदाय की आजीविका के अवसर विकसित किये जायें।

# बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर में देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं

**इंदौर,** बेटियों को शिक्षित तथा आत्मनिर्भर बनाने तथा देश के सर्वांगीण विकास के लिये सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। देवी अहिल्याबाई होलकर महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का उत्तम उदाहरण हैं। देवी अहिल्याबाई होलकर ने कुशल प्रशासन, न्याय परायणता और कल्याणकारी कार्यों में कई मानक स्थापित किये हैं। यह बात राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह अवसर पर 14वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों को स्वर्ण तथा रजत पदक और उपाधियां वितरित कीं।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर ने देश में असाधारण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह शहर देवी अहिल्याबाई होलकर के नाम से पहचाना जाता है। इंदौर में विश्वविद्यालय भी देवी अहिल्याबाई के नाम पर स्थापित है। यह हमारे लिये गौरव का समय है, जब हम देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती मना रहे हैं। लोक माता अहिल्याबाई शिक्षा के महत्व को समझती थीं। उनके पिता ने भी उस दौर में उन्हें शिक्षा दिलाई जब बालिकाओं को शिक्षा दिलाना बहुत कठिन होता था। समाज के लोग उस वक्त शिक्षा का विरोध करते थे। देवी अहिल्याबाई होलकर का जीवन महिला सशक्तिकरण का उत्तम उदाहरण है। उन्होंने अपने जीवन और शासन काल में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिये नवीन और सफल प्रयास किये।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह का आयोजन हम सबके लिए गर्व का विषय है। दीक्षांत समारोह माता-पिता के त्याग-तप, गुरुजनों के आशीर्वाद और विद्यार्थी जीवन के अनुशासन और परिश्रम से प्राप्त सफलता का अविस्मरणीय पल है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई समाज सुधारक, न्याय प्रियता, स्वराज एवं सुशासन की पुरोधा थीं। देवी अहिल्याबाई ने अपने राज्य के बाहर जाकर लोगों के समग्र कल्याण के लिये भी अनेक काम किये हैं। उनका जीवन हमारे लिए आदर्श और प्रेरणा का स्रोत है।


फैक्ट फाइल

# मध्यप्रदेश आयुष चिकित्सकों की उपलब्धता में बना अग्रणी राज्य

मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रदेश है। हृदय स्वस्थ तो शरीर सक्रिय रहेगा। देश के हृदय स्वरूप को स्वस्थ बनाने के लिये मध्यप्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। स्वस्थ भारत अभियान में सहभागी बनने में मध्यप्रदेश की गणना अग्रणी राज्यों में है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वस्थ भारत के लिए, प्रत्येक गांव में चिकित्सालय और चिकित्सालयों में कम से कम एक चिकित्सक नियुक्त करने की घोषणा की थी। उसी अनुरूप मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश भर के चिकित्सालयों में आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति का अभियान चलाया। सामान्यतः चिकित्सालय रोग के निदान के लिये होते हैं। लेकिन भारतीय चिंतकों ने एक ऐसी जीवन शैली का अविष्कार किया था जो लोगों को रोगों से दूर रखे। इसे आरोग्य स्थिति कहा गया। इस आरोग्य स्थिति का मंत्र देने का काम आयुष चिकित्सक करते हैं। इसीलिए प्रधानमंत्री जी के संकल्प की सिद्धि के लिये प्रदेश सरकार ने प्रदेशवासियों के जीवन को आरोग्य स्वरूप देने के लिए चिकित्सालयों में आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की है। यह प्रदेश सरकार के सफल प्रयत्नों का परिणाम है कि आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर है।

***हेल्थ डायनामिक्स ऑफ इंडिया-इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड ह्यूमन रिसोर्स की रिपोर्ट***

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी 'हेल्थ डायनामिक्स ऑफ इंडिया-इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड ह्यूमन रिसोर्स' रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में शहरी क्षेत्र के सभी 328 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष सुविधाएं उपलब्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के 1440 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में से 695 में आयुष सुविधाएं उपलब्ध हैं और शेष में शीघ्र संभव होंगी। जनजातीय क्षेत्रों में 228 प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष डॉक्टर उपलब्ध हैं। इस तरह मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। प्रथम स्थान पर 296 की संख्या के साथ ओडिशा और 279 की संख्या के साथ छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या में भी मध्यप्रदेश पहले छह राज्यों में शामिल है। देश में कुल 5491 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं। मध्यप्रदेश में इनकी संख्या 332 है।




**स्वास्थ्य केंद्र एवं अधोसंरचना**

- 55,885 गांवों में 10,258 उप स्वास्थ्य केन्द्र हैं।
- 479 सबसे अधिक उप स्वास्थ्य केंद्र धार जिले में।
- 329 बड़वानी जिले में।
- 326 रीवा और 302 सतना जिले में हैं।
- 1440 गांवों में और 328 शहरी क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।
- 144 सब डिविजन और जिला स्तर पर 52 अस्पतालों का संचालन।
- 13 मेडिकल कॉलेज प्रदेश में संचालित।

**वर्ष 2005 से 2023 के मध्य स्वास्थ्य अधोसंरचना प्रगति**

- 8874 गांवों में संचालित उप स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या अब बढ़कर 10258 हुई।
- 3996 उप स्वास्थ्य केन्द्र सरकारी भवनों में संचालित थे, अब 8626 सरकारी भवन में हैं।
- 4878 उप स्वास्थ्य केंद्रों में से 667 केंद्र किराये के भवन में हो रहे संचालित।
- 965 केन्द्रों का किराया मुक्त पंचायत भवनों में संचालन।
- 229 से बढ़कर 332 हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।

**- हितेश शर्मा**

(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)




जापान

## नए प्रधानमंत्री का चयन एक अक्टूबर को होगा

जापान की संसद का एक असाधारण सत्र एक अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान देश के नए प्रधानमंत्री का चुनाव किया जाएगा। समाचार एजेंसी क्योदो ने कहा है कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और कोमिटो पार्टी का सत्तारूढ़ गठबंधन वर्तमान में विपक्षी दलों के साथ संसद के असाधारण सत्र की तारीख पर चर्चा कर रहा है, जिसमें कहा गया है कि तारीख को महीने के अंत तक मंजूरी मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास संसद के दोनों सदनों में बहुमत है, इसलिए एलडीपी के अगले प्रमुख के चुनाव का विजेता जापान का अगला प्रधानमंत्री बनेगा।



नासा

## बृहस्पति के चंद्रमा का अध्ययन करेगा

नासा ने अंतरिक्ष यान की तीव्र विकिरण झेलने की क्षमता की समीक्षा के बाद बृहस्पति के चंद्रमा 'यूरोपा' पर अगले माह प्रक्षेपण को मंजूरी दे दी है। यह मिशन बताएगा कि यूरोपा की बर्फीली परत के नीचे का संदिग्ध महासागर जीवन के लिए उपयुक्त हो सकता है या नहीं। इसे स्पेस-एक्स फाल्कन हेवी रॉकेट पर 10 अक्टूबर को प्रक्षेपित किया जाना निर्धारित किया गया है। नासा के पास लॉन्चिंग के लिए तीन सप्ताह का समय है।



एलेक्स मॉर्गन

## फुटबॉल से संन्यास लिया

अमेरिका की पूर्व कप्तान एलेक्स मॉर्गन ने फुटबॉल खेल से संन्यास ले लिया है। वे कॅरियर के आखिरी मुकाबले में सैन डिएगो वेव्स की ओर से विमेंस सॉकर लीग में उतरीं, हालांकि उनकी टीम उत्तरी कैरोलिना के खिलाफ 1-4 से हार गई। डिएगो के लिए यह मॉर्गन का 63वां मैच था। उन्होंने इस लीग में 150वां मुकाबला खेला। 35 वर्षीय मॉर्गन ने 16 साल लंबे इंटरनेशनल कॅरियर में 2 ओलिंपिक मेडल और 2 बार फीफा वर्ल्ड कप जीते। मॉर्गन ने अमेरिका की नेशनल टीम के लिए 224 मैच खेले।



अब्देलमदजीद तेब्बौने

## अल्जीरिया के राष्ट्रपति निर्वाचित

अल्जीरिया के राष्ट्रपति चुनाव में अब्देलमदजीद तेब्बौने दोबारा जीत गए हैं। कम मतदान और चुनाव में अनियमितताओं के दावों के बीच उन्होंने भारी बहुमत से जीत दर्ज की है। अल्जीरिया के स्वतंत्र चुनाव प्राधिकरण ने घोषणा की कि तेब्बौने ने मतदान में 94.7 प्रतिशत मतों के साथ जीत दर्ज की जबकि प्रतिद्वंद्वी इस्लामिस्ट अब्देलाली हसनी शेरिफ को सिर्फ 3.2 प्रतिशत मत और समाजवादी यूसुफ औचिचे को महज 2.2 प्रतिशत वोट मिले।



सीरीन

## माउंट टूबकल चोटी फतह की

नन्ही-सी उम्र में ब्रिटेन की मासूम बच्ची ने अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत पर फतह पा ली। छह साल की सीरीन प्राइस माउंट टूबकल की 13 हजार फुट ऊंची चोटी पर पहुंच गई। इसके साथ ही सीरीन को एटलस माउंटेन की सर्वाधिक ऊंचाई पर पहुंचने वाली सबसे छोटी लड़की का खिताब मिल गया। सीरीन के पिता ग्लीन ने बताया कि जब वह छोटी थी तब जिस अस्पताल ने उसकी जिंदगी बचाई थी, उसी अस्पताल के लिए फंड जमा करने के मकसद से सीरीन ने यह चढ़ाई की।



रूसी बिल्ली क्रोशिक

## वजन घटाने कर रही डायटिंग

इंसानों में मोटापे की बीमारी के बारे में तो आपने खूब सुना होगा लेकिन बिल्ली मोटी हो जाए, ऐसा नहीं सुना होगा। रूस में एक ऐसी ही बिल्ली मिली है। इसका वजन 17 किलोग्राम है। इसके पेट पर चर्बी की इतनी मोटी परत है कि अल्ट्रासाउंड तक नहीं हो पा रहा। डॉक्टरों ने वजन कम करने के लिए इसे सख्त डाइट प्लान पर रखा है। अधिक मोटापे के कारण इसका हिलना भी मुश्किल हो रहा है। उसके मालिक उसे जबरन दौड़ाने की कोशिश करते हैं। डॉक्टरों ने बताया कि क्रोशिक की कहानी दुर्लभ मामला है। इसे काफी प्यार मिला और मालिक ने ज्यादा खिला पिला कर इसे मोटा कर डाला।



प्रशांति राम

## सिंगापुर साहित्य पुरस्कार मिला

भारतीय मूल की प्रशांति राम को उनके अंग्रेजी फिक्शन 'नाइन यार्ड साड़ी' के लिए सिंगापुर साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी में भारतीय मूल की व्याख्याता 32 वर्षीय प्रशांति राम की यह पहली रचना 2023 के अंत में प्रकाशित हुई थी। कहानी सिंगापुर, सिडनी, न्यूयॉर्क और कनेक्टिकट में फैले तमिल ब्राह्मण परिवार की है।



तोह हॉन्ग केंग

## 70 साल की उम्र में मेडिकल ग्रेजुएट की

हॉन्गकॉन्ग में रहने वाले मलेशिया के तोह हॉन्ग केंग ने 70 वर्ष की उम्र में मेडिकल ग्रेजुएट की डिग्री हासिल की है। यह डिग्री पाने वाले वह विश्व के कथित तौर पर सबसे बुजुर्ग शख्स हैं। पहले टेक सेल्स के क्षेत्र में एग्जीक्यूटिव पद पर रहे केंग ने रिटायरमेंट के बाद मेडिकल की पढ़ाई शुरू की थी।



रूस में

## ब्रिक्स साहित्य सम्मेलन आयोजित

रूस के कजान शहर में ब्रिक्स साहित्य समारोह-2024 का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का आधिकारिक उद्घाटन कजान के मेयर इल्सूर मेटशिन ने किया। 14 सितंबर तक चले इस आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने किया। डॉ. श्रीनिवासराव ने बताया कि ब्रिक्स साहित्य समारोह-2024 का विषय 'नई वास्तविकता में विश्व साहित्य : परंपराओं, राष्ट्रीय मूल्यों और संस्कृतियों का संवाद' था। यह सम्मेलन ब्रिक्स देशों के लेखकों, कवियों, दार्शनिकों, कलाकारों और विद्वानों का संगम है।




अमिताव घोष

## भारतीय मूल के लेखक ब्रिटिश पुरस्कार के लिए नामित

भारतीय मूल के लेखक अमिताव घोष को ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज फॉर ग्लोबल कल्चरल अंडरस्टैंडिंग 2024 के लिए चुना गया है। घोष की 'स्मोक एंड एशेज : ओपियम्स हिडन हिस्ट्रीज' पुरस्कार के लिए पांच अन्य अंतर्राष्ट्रीय खिताबों के साथ दौड़ में है। 'स्मोक एंड एशेज : ओपियम्स हिडन हिस्ट्रीज' में अमिताव घोष ने 18वीं सदी से लेकर वर्तमान अफीम संकट और वैश्विक अफीम व्यापार के आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव का पता लगाने के लिए अपने इबिस ट्रिलॉजी उपन्यासों के लिए दशकों के अभिलेखीय शोध का सहारा लिया है।



टॉम क्रैग

## हॉकी ऑस्ट्रेलिया ने निलंबित किया

ऑस्ट्रेलिया के हॉकी खिलाड़ी टॉम क्रैग को 12 महीने के लिए निलंबित किया गया है। यह प्रतिबंध ऑस्ट्रेलिया की खेल नियामक संस्था ने लगाया है। 29 साल के क्रैग पर पेरिस ओलिंपिक के दौरान कोकीन खरीदने का प्रयास करने के आरोप लगे थे और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। हॉकी ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा कि नेशनल मेंस हॉकी टीम के खिलाड़ी टॉम क्रैग की पेरिस ओलिंपिक 2024 के दौरान गिरफ्तारी के मामले की जांच के बाद हॉकी ऑस्ट्रेलिया की इंटीग्रिटी यूनिट ने उन्हें 12 महीने के लिए निलंबित करने का फैसला लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पेरिस ओलिंपिक में ऑस्ट्रेलिया का अभियान समाप्त होने के बाद 7 अगस्त को क्रैग ने कोकीन खरीदने का प्रयास किया था, जिसके बाद उन्हें बिना किसी आरोप के रिहा कर दिया गया था।



माइक पांडे

## जैक्सन वाइल्ड लिगेसी अवॉर्ड मिला

वन्यजीवों पर फिल्म बनाने वाले फिल्म निर्माता माइक पांडे को जैक्सन वाइल्ड लिगेसी अवॉर्ड मिला है। वन्यजीवों पर फिल्म निर्माण के क्षेत्र में ये प्रतिष्ठित वैश्विक सम्मान है। फिल्मकार और पर्यावरणविद पांडे को यह पुरस्कार अमेरिका के मैरीलैंड में आयोजित समारोह में दिया गया। उन्हें 'शोर्स ऑफ साइलेंस : व्हेल शार्क इन इंडिया' जैसी डॉक्यूमेंट्री के लिए जाना जाता है। उन्होंने व्हेल शार्क जैसी प्रजातियों को इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए बचाने में काफी मदद की है। यह पुरस्कार उनके 45 वर्षों की प्रभावशाली कहानी कहने और बनाने की इसी कला के लिए दिया गया है।



ए.जे. मुजम्मिल

## श्रीलंका के गवर्नर ने अचानक दिया इस्तीफा

श्रीलका के प्रांतीय गवर्नर ए.जे. मुजम्मिल ने भारतीय उच्चायुक्त से मुलाकात के कुछ घंटों बाद इस्तीफा दे दिया और विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा के प्रति अपनी निष्ठा जताई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रेमदासा के लिए उनका इस्तीफा और समर्थन 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से 16 दिन पहले आया है। मुजम्मिल को अगस्त 2020 में श्रीलंका के पूर्व नेता गोटबाया राजपक्षे द्वारा उवा प्रांत का गवर्नर नियुक्त किया गया था। मुजम्मिल ने राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को लिखे अपने त्याग पत्र में कहा कि कुछ राज्यपालों के प्रति उनकी निराशा है, जो राज्यपाल पद पर रहते हुए विभिन्न राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के लिए जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं।



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन

## चार साल में 532 दिन की छुट्टियां लीं

रिपब्लिकन नेशनल कमिटी के आंकड़ों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कार्यकाल में 532 दिन छुट्टियां लीं, जो उनके 4 साल से कम समय के कार्यकाल का 40 प्रतिशत समय है। औसत अमेरिकियों को सालाना 11 दिन की छुट्टियां मिलती हैं। कमिटी के मुताबिक बाइडेन ने जितनी छुट्टियां लीं, उन्हें लेने के लिए एक औसत व्यक्ति को 48 साल लगेंगे। इस मामले पर व्हाइट हाउस बजट कार्यालय के पूर्व जनरल काउंसिल मार्क पाओलेटा ने बाइडेन की छुट्टियों की आलोचना की है।



मनीषा रोपेटा

## पाकिस्तान के सिंध में पहली हिंदू पुलिस ऑफिसर बनीं

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में मनीषा रोपेटा पहली हिंदू महिला पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) बनी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि उनकी कहानी से उनके समुदाय की और लड़कियां प्रेरणा लेंगी और इस पेशे में आने का विकल्प चुनेंगी। जैकोबाबाद से ताल्लुक रखने वाली रोपेटा ने 2021 में सिंध लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। 13 वर्ष की उम्र में पिता को खो देने वाली मनीषा को उनके भाई ने पुलिस ऑफिसर बनने की प्रेरणा दी और आज भी उनका भाई उनके लिए संरक्षक बन कर मदद कर रहा है।



# स्मृति शेष

## हॉलीवुड अभिनेता जेम्स अर्ल जोन्स का निधन

हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जेम्स अर्ल जोन्स का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 9 सितम्बर की सुबह पावलिंग में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके प्रवक्ता बैरी मैकफरसन ने इसकी पुष्टि की है, पर मृत्यु का कोई कारण नहीं बताया। द वाशिंगटन टाइम्स के अनुसार जोन्स को खनकती और जोरदार आवाज के रूप में ख्याति मिली। छह फुट दो इंच लंबे इस अभिनेता ने आधी सदी से अधिक समय तक लाखों प्रशंसकों के दिलों में राज किया।



## पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी का निधन

पिछले साल जेल की सलाखों से बाहर आए पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें कैंसर था। दिवंगत नेता की पुत्री केइको फुजीमोरी ने यह सूचना एक्स हैंडल पर साझा की। केइको ने इसी साल जुलाई में कहा था कि उनके पिता चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। वह जेल से छूटने के बाद बेटी के घर पर रह रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, अल्बर्टो को दुनिया तानाशाह के रूप में भी जानती है। हालांकि सत्ता संभालने के बाद उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का काम किया था।



*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

## एमपी इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय, उद्योग भवन, भू-तल, टी.व्ही. टॉवर के पास, जबलपुर (म.प्र.)

क्र. एमपीआईडीसी/क्षे.का.ज./तक/2024/3256 जबलपुर, दिनांक : 19.09.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

एमपी इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर द्वारा औद्योगिक विकास केन्द्र बोरगांव तहसील सौंसर, जिला पाढुंर्ना में फूडपार्क का इफल्यूयेंट ट्रीटमेंट प्लांट 75000 लीटर प्रतिदिन क्षमता का जो ''जैसा है जहां है तथा जो जैसा है'' के संचालन व संधारण हेतु पात्र एजेंसियों/फर्मों/व्यक्तिश: से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| अर्नेस्ट मनी (रुपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | लीज की अवधि |
|---|---|---|
| 0.50 लाख | 5900/- | तीन वर्ष तथा निविदा प्रपत्र के अनुसार |

किसी भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने तथा निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित हैं। टेंडर डाक्यूमेंट पोर्टल **mptender.gov.in** के माध्यम से निर्धारित तिथि तक डाउनलोड व क्रय किये जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/116501/2024 R-50066/2024 **कार्यकारी संचालक**

SKSCPS

SKS Group of Institutions

## SHIV KUMAR SINGH COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES

Affiliated to DAVV & Approved by **Higher Education & NCTE**

City Off.: 88/111 Bank Colony, Annapurna Road, Indore Ph. 4086441,7999429611

### APPOINTMENTS (Under College Code 28)

**Principal • Professors • Asst. Professors • Associate Professors**

**B.Ed,BBA,B.Com,B.Sc** (Plain, Comp. Sc., Soil Conservation)

Qualification and experience as per the UGC norms.

Submit hard copy along with all testimonials in above address with in 7 days & mail your resume to : **sapnaharode@gmail.com** - Principal

R-50059/2024

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./11784 /22/D-12/MPRRDA/2024 Bhopal, Dated : 19.09.2024

### NOTICE INVITING TENDER No. 1200, UPG BRIDGE

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Name of Work :** UPG Bridge (MP-PWD SSR : 25.03.2022)

| S.No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Indore | 1 | 16634000.00 |
| 2 | Ujjain | 1 | 33604000.00 |

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **23.09.2024 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/116497/2024 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर, फीडबेक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

R-50060/2024

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02, भोपाल**
**Mobile : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com**
**क्र.- मप्रपुआअविनि/604/पयं/भोपाल-02/तशा/2024**
**भोपाल, दिनांक 19.09.2024**

### प्रेस विज्ञप्ति

जिला राजगढ़ में ब्यावरा सिटी थाना, कोतवानी थाना राजगढ़, एसडीओपी ऑफिस सारंगपुर, एसडीओपी ऑफिस नरसिंहगढ़, थाना कुरावर, थाना नरसिंहगढ़, थाना पचोर, थाना जीरापुर, थाना लीमाचौहान, थाना करनवास एवं पुलिस थाना भोजपुर के मरम्मत कार्य हेतु निविदा क्रमांक-07/2024-25 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDERNo- 2024_MPPHC_370626_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 04.10.2024 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : https://mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/116502/2024 **परियोजना यंत्री**

R-50067/2024

## कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

**ईमेल : ce.tender.wrdmp@gmail.com**
**फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406**
**निविदा सूचना क्रमांक - 1097/2024-25/ प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिग/**
**भोपाल, दिनांक : 12.09.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा **वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक **14.10.2024 को 17.30** बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_ WRD_ 369161 | **टर्नकी पद्धति पर** :- भावसा मध्यम सिंचाई परियोजना में दबावयुक्त सिंचाई नहर प्रणाली (होज सिस्टम) का निर्माण एवं रखरखाव कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | बुरहानपुर | 4230.54 |
| 2 | 2024_ WRD_ 369163 | परीक्षा एवं पढ़ावली पाईप लाइन लघु सिंचाई योजना का निर्माण कार्य। | भिण्ड | 5040.50 |

**जी-16374/50053/2024** **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./11787/22/D-12/MPRRDA/2024 Bhopal, Dated : 19.09.2024

### NOTICE INVITING TENDER No. 1201 (PM-JANMAN)

**(Batch-I, Year-2024-25)**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in.** as detailed below;

- **Name of Work** - Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction.
- **SSR Applicable :** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 01.01.2024 and amended upto issue date of NIT.

| S.No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms.) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Anuppur | 3 | 5 | 11.59 | 63269400.00 |
| 2 | Shahdol | 2 | 5 | 9.24 | 50545319.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchase online from **23.09.2024 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **08.10.2024 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/116498/2024 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर, फीडबेक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

R-50061/2024

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, फ्लैट क्र. 303 एवं 304 थर्ड फ्लोर साक्षी ग्रीन बिल्डिंग हरदौल गार्डन के पास, सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन-474011**

### निविदा आमंत्रण सूचना- 03/2024-25

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2024-25 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_370781_1, MPPHC_370782_1, MPPHC_370784_1, एवं MPPHC_370785_1, हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 04.10.2024 तक खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती हैं।

म.प्र. माध्यम/116511/2024

R-50068/2024

(पृष्ठ 06 का शेष)

में अधिकारियों को बर्खास्त किया जा सकता है.

10. **वेतन और भत्ते/समूह बीमा और ग्रेच्युटी/अवकाश की पात्रता/अधिकारियों के कर्तव्य :** सब लेफ्टिनेंट का मूल वेतन 56,100/- रुपये से शुरू होता है, साथ ही अन्य भत्ते भी लागू होते हैं. अधिक जानकारी भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध है.

11. **आवेदन कैसे करें.** उम्मीदवारों को भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर पंजीकरण और आवेदन करना होगा. आवेदन जमा करने की विंडो के दौरान समय बचाने के लिए, उम्मीदवार अपने विवरण भर सकते हैं और दस्तावेज अग्रिम रूप से अपलोड कर सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है :-

**(क)** ई-आवेदन भरते समय, निम्नलिखित कार्य करने के लिए प्रासंगिक दस्तावेज तैयार रखे जाने चाहिए :-

(i) **व्यक्तिगत विवरण सही ढंग से भरना :** मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र में दिए गए विवरण के अनुसार जानकारी दी जानी चाहिए.

(ii) ई-मेल पता, मोबाइल नंबर जैसे क्षेत्र अनिवार्य क्षेत्र हैं और उन्हें भरना अनिवार्य है.

**(ख)** सभी प्रासंगिक दस्तावेज (अधिमानतः मूल), नियमित और एकीकृत बीई/बी.टेक पाठ्यक्रमों के लिए क्रमशः 5वें और 7वें सेमेस्टर तक की अंकतालिकाएं और अन्य डिग्री परीक्षाओं के लिए सभी सेमेस्टर, जन्म तिथि प्रमाण (10वीं और 12वीं प्रमाण-पत्र के अनुसार), बीई/बी.टेक के लिए सीजीपीए रूपांतरण सूत्र, भारत सरकार, शिपिंग और परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी मर्चेंट नेवी प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा जारी एनसीसी 'सी' प्रमाण-पत्र और हाल ही में पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ मूल जेपीजी/टीआईएफएफ प्रारूप में स्कैन किया जाना चाहिए, जिसे आवेदन भरते समय संलग्न किया जा सके.

**(ग)** यदि किसी कारण से कोई स्कैन किया गया दस्तावेज़ सुपाठ्य/पठनीय नहीं है, तो आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा. उम्मीदवारों को आवेदन का प्रिंटआउट लेना होगा और एसएसबी साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने के दौरान इसे साथ ले जाना होगा.

**(घ)** एक बार जमा किया गया आवेदन अंतिम होगा और संशोधन/परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**टिप्पणी (5)**

**(क)** कृपया अपना ऑनलाइन आवेदन अंतिम रूप से जमा करने से पहले वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें.

**(ख)** चयन के किसी भी चरण में यदि कोई घोषणा गलत पाई जाती है तो आपकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

**(ग)** मादक पदार्थों का उपयोग/आपके पास पाया जाना वर्जित है. उम्मीदवार का एसएसबी चयन/चिकित्सा/प्रशिक्षण और उसके बाद सेवा के दौरान शरीर में नशीली दवाओं की मौजूदगी के लिए परीक्षण किया जा सकता है. यदि उम्मीदवार चयन/चिकित्सा/प्रशिक्षण/सेवा के दौरान मादक पदार्थों का उपयोग/पास में रखे हुए पाया जाता है, तो उम्मीदवार को भारतीय नौसेना में भर्ती होने से रोक दिया जाएगा या यदि वह पहले से ही भर्ती हो चुका है तो उसे सेवा से हटा दिया जाएगा.

**(घ)** आपका आवेदन बाद की जांच के अधीन है और यदि किसी भी समय अयोग्य/अमान्य पाया जाता है तो आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है.

**(नोट : ऑनलाइन आवेदन करने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें.)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद आमला, जिला-बैतूल (म.प्र.)

E-mail ID : cmoamla@mpurban.gov.in

### दिव्यांगजनों के आरक्षित अनुसूचित जनजाति वर्ग के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जारी किये विज्ञापन का प्रारूप विज्ञापन

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की रिट याचिका क्रमांक 7275/2019 में पारित आदेश दिनांक 30.01.2024, म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक-एफ 07-19/2019/आ.प्र./1 दिनांक 14.02.2024, म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पत्र क्रमांक/676/16017123/2023/18-1 दिनांक 16.02.2023, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र., भोपाल के पत्र क्रमांक/स्था/एक/201/प्र.शि./2024/3780 भोपाल दिनांक 26.02.2024 तथा मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन के पत्र क्रमांक एफ 8-2/2013/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 04.01.2024 एवं अन्य पत्रों में दिये गये निर्देशानुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए संविदा/नियमित सफाई संरक्षक के आरक्षित पद/पदों की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। इस हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी नीचे दर्शाये गये निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भर कर **दिनांक 03.10.2024** को कार्यालयीन **समय 05.30 सायंकाल** तक आवेदन-पत्र प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में उन पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक के माध्यम से विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र के लिए निकाय/कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | पद का नाम | पद की श्रेणी | वेतनमान | दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित वर्गवार रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता | वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहु विकलांगता | | |
| 1. | संविदा सफाई संरक्षक | चतुर्थ | 8000/- या कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर। | 1 (अजजा) | 0 | 1 (अजजा) | 0 | पांचवीं उत्तीर्ण | वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि की सूचना अभ्यर्थियों को उनके ई-मेल आई.डी. पर पृथक से दी जावेगी। |
| 2. | नियमित सफाई संरक्षक | चतुर्थ | 4440 - 7440 + 1300 | 0 | 1 (अजजा) | 0 | 0 | पांचवीं उत्तीर्ण | |

**मुख्य शर्तें:-**

1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण-पत्रों को सक्षम अधिकारी अथवा स्वयं सत्यापित करने के उपरांत प्रमाण पत्रों की प्रति संलग्न प्रेषित की जावें।
3. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के परिपत्र क्रमांक सी 3-38/16/1/3 भोपाल, दिनांक 04 जुलाई 2019 अनुसार अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग- अनु.जा., अनु.जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/नि:शक्तजन/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए 18 से 45 (अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट) होगी।
4. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक सी-3-8/2016/3-एक भोपाल दिनांक 12 मई 2017 एवं परिपत्र क्रमांक सी 3-38/16/1/3 भोपाल, दिनांक 04 जुलाई 2019 के अनुसार आवेदक का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
5. आवेदक को वॉक-इन-इंटरव्यू/साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है।
6. दिव्यांगता के डिजिटल प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता दिनांक 01.06.2021 से लागू की गई है। अतः उक्त तिथि से पूर्व जारी मैन्युअल दिव्यांगता प्रमाण-पत्र भी मान्य होगा।
7. डिजिटल मूल निवासी प्रमाण-पत्र/जाति प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया ही मान्य होगा।
8. वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
9. अधूरे, अस्पष्ट एवं अपठनीय आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
10. भर्ती से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन समय में निगम/निकाय से प्राप्त की जा सकती है।
11. यह कि जिस आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरुष वर्ग के लिए 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिए 18 वर्ष) के पूर्व हो गया हो उसे उक्त पदों के लिए अयोग्य माना जायेगा।
12. यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वह आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को पूर्ण करता है।
13. आवेदन-पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण, असत्य या त्रुटिपूर्ण पायी जाती है अथवा वांछित प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं किया जाता है, तो उसके आधार पर आवेदक को पूर्व सूचना दिये बिना उसका आवेदन पत्र किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है।
14. सीधी/बैकलॉग के पदों पर आवेदक राष्ट्रीय पेंशन योजना, 2005 अंतर्गत नियुक्त होंगे।
15. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 30.06.2014 के अनुसार वर्गवार आरक्षण न करते हुए दिव्यांगजनों की श्रेणी के आधार पर आरक्षण किये जाने से विशेष पिछड़ी जनजातियों (सहरिया/सहरिया, भारिया एवं बैगा) महिलाओं एवं भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के आवेदकों को पृथक से आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं होगा।
16. ऐसे समस्त आवेदन पत्र जो अपूर्ण हैं एवं विहित प्रारूप में नहीं हैं वे निरस्त कर दिये जायेंगे। अभिलेखों को कूटरचित किया हो या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किये गये हों जो रूपान्तरित किये गये हों वे भी निरस्त कर दिए जाएंगे। साथ ही ऐसे विवरण दिये गए हों, जिसमें ऐसी तात्विक जानकारी छिपाई गई हो, जो चयन के लिए आवश्यक हो, तो ऐसे आवेदन पत्र भी निरस्त कर दिए जाएंगे।
17. दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों के विरुद्ध चयनित होने वाले अभ्यर्थियों का उनके लिये जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड से मेडिकल परीक्षण कराकर यह सुनिश्चित होने के पश्चात ही कि वे वास्तव में विकलांग है यह जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणित किये जाने के उपरांत ही नियुक्ति आदेश जारी किये जायेंगे।
18. यह कि दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों के विरुद्ध चयनित होने वाले अभ्यर्थियों के नि:शक्तता का प्रतिशत 40 प्रतिशत या अधिक पाए जाने पर ही कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा।
19. शासन के आदेश के अनुसार, कोई भी अभ्यर्थी जिसके 02 से अधिक जीवित सन्तानें हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है तो ऐसा अभ्यर्थी नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा, लेकिन यदि एक बच्चा जीवित है और बाद के प्रसव में दो या अधिक सन्तानें जन्म लेती हैं तो उसे अयोग्य नहीं माना जावेगा।
20. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी. 3-13/2019/3/एक भोपाल, दिनांक 12 दिसंबर 2019 के अनुसार सीधी भर्ती के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर चयन होने पर अभ्यर्थी 03 वर्ष की परीवीक्षा अवधि पर नियुक्त होगा। परीवीक्षा अवधि में अभ्यर्थी को प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत राशि स्टायपेंड के रूप में दी जायेगी।
21. दिव्यांगजनों हेतु चिह्नांकित संविदा के पदों पर भर्ती संबंधी कार्यवाही मध्यप्रदेश नगरपालिका संविदा (अनुबंध तथा सेवा की शर्तें) सेवा, नियम 2021 में विहित प्रावधानुसार की जावेगी।
22. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होंगे।
23. अभ्यर्थी आवेदन का प्रारूप निकाय की ऑनलाइन वेबसाइट **https://npamla.com/** पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, आमला**

आर- 50062/2024

## पुलिस आरक्षक भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षण

### आवश्यक सूचना

आरक्षक (जीडी) एवं आरक्षक (रेडियो) भर्ती वर्ष 2023 के द्वितीय चरण की शारीरिक दक्षता परीक्षण का आयोजन प्रदेश के 10 जिलों- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, रीवा बालाघाट, मुरैना एवं रतलाम में दिनांक 23.09.2024 से आयोजित किये जाने की पूर्व में सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को दी गई थी।

परीक्षा केन्द्रों पर अतिवृष्टि के कारण आ रही कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुये, निम्नलिखित दिनांकों के अभ्यर्थियों की परीक्षा तिथि दी गई तालिका अनुसार उसी केन्द्र पर दर्शाई गई तिथियों में परिवर्तित की जाती है :-

| पूर्व की जारी दिनांक | संशोधित दिनांक |
|---|---|
| 23.09.2024 | 11.11.2024 |
| 24.09.2024 | 12.11.2024 |
| 25.09.2024 | 13.11.2024 |
| 26.09.2024 | 14.11.2024 |
| 27.09.2024 | 16.11.2024 |
| 28.09.2024 | 17.11.2024 |

शेष अभ्यर्थियों की परीक्षण तिथियां यथावत रहेंगी और उनमें कोई परिवर्तन नहीं किया जा रहा है। संबंधित अभ्यर्थी अपना संशोधित दिनांक का प्रवेश-पत्र म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल (ESB) की वेबसाइट से डाउनलोड कर, निर्धारित दिनांक को परीक्षण में शामिल हो।

**सहायक पुलिस महानिरीक्षक (चयन/भर्ती)**
**पुलिस मुख्यालय, भोपाल**

जी-16499/50065/2024

## कार्यालय मुख्य अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन

दूरभाष नं. : 0734-2524462, ई-मेल : cepwdujjain@mp.nic.in

निविदा सूचना क्र. 04/सामान्य/मु.अ./2024-25/सी.आर.एफ. उज्जैन, दिनांक : 13.09.2024

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | जिला | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उज्जैन | 2024_PWDRB_369885_pack1 | सी.आर.आई.एफ. योजनांतर्गत ई.पी.सी. मोड पर हरिफाटक लालपुल मुल्लापुरा-शंकराचार्य चौराहे से चंदुखेड़ी, 02 नग टू-लेन अतिरिक्त आर.ओ.बी. एवं क्षिप्रा नदी पर टू-लेन अतिरिक्त ब्रिज सहित फोरलेन मार्ग एवं लालपुल से चिंतामन गणेश जवासिया फोरलेन मार्ग का उन्नयन एवं निर्माण कार्य। | 20485.88 | 24 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | उज्जैन | 2024_PWDRB_369886_pack1 | सी.आर.आई.एफ. योजनांतर्गत ई.पी.सी. मोड पर उज्जैन बड़नगर टू-लेन मार्ग का निर्माण कार्य (एन.एच.ए.आई. द्वारा निर्मित उज्जैन बड़नगर मार्ग के छूटे हुए भाग) | 5330.77 | 18 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | उज्जैन | 2024_PWDRB_369887_pack1 | ई.पी.सी. मोड पर करोहन से नईखेड़ी (पंचक्रोशी) टू-लेन मार्ग का उन्नयन एवं निर्माण कार्य। | 5910.19 | 18 माह वर्षाकाल सहित |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑनलाइन बिड सबमिशन की **अंतिम दिनांक 11.10.2024 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन**

जी-16460/50064/2024

## संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण
## छठवीं मंजिल, विन्ध्यांचल भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

Email : midhhorti@mp.gov.in

### विज्ञप्ति

संचालनालय उद्यानिकी अंतर्गत संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) योजना के घटक फसलोत्तर प्रबंधन (PHM) के अंतर्गत शीतगृह (कोल्ड स्टोरेज) टाईप-1 एवं राईपेनिंग चेम्बर की स्थापना हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 की अनुमोदित वार्षिक कार्ययोजना में प्रावधानिक भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य एवं अनुदान सहायता का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | नाम घटक | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | वित्तीय लक्ष्य लाख में | अनुदान सहायता का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कोल्ड स्टोरेज टाईप-1 | 16 (80000 MT) | 2240.00 | प्रति हितग्राही अधिकतम निर्माण क्षमता 5000 मी.टन, निर्माण हेतु निर्धारित प्रति इकाई लागत राशि रुपये 0.08 लाख प्रति मी.टन, अनुदान की सीमा 35 प्रतिशत अधिकतम राशि रुपये 140.00 लाख। |
| 2. | रायपेनिंग चेम्बर | 06 (1800 MT) | 630.00 | प्रति हितग्राही अधिकतम निर्माण क्षमता 300 मी.टन, निर्माण हेतु निर्धारित प्रति इकाई लागत राशि रुपये 1.00 लाख प्रति मी.टन, अनुदान की सीमा 35 प्रतिशत अधिकतम राशि रुपये 105.00 लाख। |

ये सभी घटक प्रोजेक्ट आधारित है, हितग्राही को बैंक से ऋण स्वीकृत होने पर ही ऋण संबंध बैंक एंडेड सब्सिडी देय होगी, योजना का लाभ लेने हेतु निम्न शर्तों के अधीन ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**शर्तें :-** इच्छुक कृषकों/उद्यमियों को आवेदन के साथ (1) विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर.) (2) बैंक एप्राइजल रिपोर्ट (3) बैंक ऋण स्वीकृत पत्र (4) भूमि संबंधित दस्तावेज जहां इकाई स्थापित होना है (5) केन्द्र एवं राज्य सरकार से पूर्व में अनुदान सहायता प्राप्त न करने का राशि रुपये 100 के स्टाम्प पर घोषणा पत्र (6) उपरोक्त के अतिरिक्त कोल्ड स्टोरेज एवं रायपेनिंग चेम्बर के प्रकरणों में भवन निर्माण अनुज्ञा प्रमाण पत्र (7) एन.सी.सी.डी. की ड्राइंग डिजाइन अनुसार निर्माण कराने का राशि रुपये 100 के स्टाम्प पर घोषणा पत्र (8) भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मानकों और मापदण्ड अनुसार निर्माण कराने का राशि रुपये 100 के स्टाम्प पर घोषणा पत्र (9) चार्टर्ड इंजीनियर द्वारा हस्ताक्षरित बेसिक डाटाशीट/डिजाइन या तकनीकी डाटा इत्यादि दस्तावेज विभागीय **पोर्टल www.mpfsts.mp.gov.in पर** अपलोड करना अनिवार्य है, अपूर्ण एवं निर्धारित दस्तावेज अपलोड न करने वाले आवेदकों के आवेदनों/प्रकरणों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जी-16241/50054/2024 **उप संचालक उद्यान, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मध्यप्रदेश भोपाल**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, ग्वालियर

### निविदा विज्ञप्ति सूचना

**निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 8A** **दिनांक : 03.09.2024**

म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. की ओर से निम्नांकित कार्यों हेतु सड़क/भवन **दिनांक 25.03.2022 / 01.01.2024** तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित मोहरबन्द निविदायें नवीन निविदा फार्म 2.10 में आमंत्रित की जाती हैं, प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदायें डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। पोस्टल विलम्ब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**क्र. एवं कार्य का नाम -** 1. Deposit Work of Additional, Altration And Renovation Work of Establisment Section At New High Court Section Under H.Q.2 Sub Division Gwalior

| निविदा प्रपत्र की राशि एवं फार्म | 1. ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) 2. अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक | 1. निविदा प्राप्ति का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. स.क्र. 1 | 1. निविदा खोलने का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. स.क्र. 1 | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- "अ" | 10.00/- 20000/- | 20.09.2024 | 23.09.2024 | 24.09.2024 | 1 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 2. Renovation And Misc. Work in VIP Bunglow Section Under H.Q.1 Sub Division Gwalior. | | | | | |
| 2000/- "अ" | 9.90/- 19800/- | 20.09.2024 | 23.09.2024 | 24.09.2024 | 1 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 3. Additional/Altration At VIP Circuite House Morar And VIP Bunglow R.C. Road Agriculture Section Under H.Q.1 Sub Division Gwalior. | | | | | |
| 2000/- "अ" | 9.98/- 19960/- | 20.09.2024 | 23.09.2024 | 24.09.2024 | 1 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 4. MOW, S/R, Repair And Mantenance Work At VIP Circuite House Morar And VIP Bunglow R.C. Road Agriculture Section Under H.Q.1 Sub Division Gwalior. | | | | | |
| 2000/- "अ" | 9.99/- 19980/- | 20.09.2024 | 23.09.2024 | 24.09.2024 | 1 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 5. Mantenance Work of New Rest House At Gandhi Road Under H.Q.1 Sub Division Gwalior. | | | | | |
| 2000/- "अ" | 9.99/- 19980/- | 20.09.2024 | 23.09.2024 | 24.09.2024 | 1 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 6. Renovation Work And Other Repair Work At VIP Bunglow Gandhi Road H.Q.1 Sub Division Gwalior. | | | | | |
| 2000/- "अ" | 9.99/- 19980/- | 20.09.2024 | 23.09.2024 | 24.09.2024 | 1 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 7. Renovation Work And Other Repair Work Hon'ble Judges Bunglow At Gandhi Road H.Q.1 Sub Division Gwalior. | | | | | |
| 2000/- "अ" | 9.99/- 19980/- | 20.09.2024 | 23.09.2024 | 24.09.2024 | 1 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 8. Renovation and repair Work for Rest house karhiya under sub division Dabra | | | | | |
| 2000/- "अ" | 10.00/- 20000/- | 20.09.2024 | 23.09.2024 | 24.09.2024 | 1 माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

कुल कार्य : 08 कुल अनुमानित लागत राशि रुपये 10.00 लाख।
टीप : शेष शर्तें कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

**जी- 16430/50058/2024** **कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, ग्वालियर**

## कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन), लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन प्लाट नं. 27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

**एनआईटी नं.- 11/2024 / निविदा / सा / मु.अ.भ./** **भोपाल, दिनांक : 10.09.2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :- **क्र. एवं कार्य का नाम -** 1. रामपुर जिला बैतूल में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

| पोर्टल टेंडर क्र. | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PWPIU_369621_1 | बैतूल | 402.66 | 402660 | 15000/- | 14 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 2. सोनकच्छ जिला देवास में 06 ट्रेड आईटीआई कैंपस (आईटीआई कॉलेज, 60 सीट वाले लड़कों का छात्रावास, 60 सीट वाली लड़कियों का छात्रावास, एफ टाईप 01 नग, एच टाईप ट्विन कॉन्फिगरेशन 02 नग, आई टाईप मल्टी स्टोरी ट्विन कॉन्फिगरेशन 4 नग) एवं साइड डेवलपमेंट का निर्माण कार्य। | | | | | |
| 2024_PWPIU_369687_1 | देवास | 1152.48 | 1000000 | 30000 | 18 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 3. जिला हरदा में 02 बैरिक (01 डबल स्टोरी ) का निर्माण कार्य । (चतुर्थ कॉल) | | | | | |
| 2024_PWPIU_369491_1 | हरदा | 119.61 | 119610 | 12500 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 4. जिला रायसेन के विभिन्न विभागों के विभिन्न भवनों के निर्माण के लिए पर्यवेक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण सेवाएं। | | | | | |
| 2024_PWPIU_367362_1 | रायसेन | 6900.00 | 138000 | 12500 | 24 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 5. सब जेल सारंगपुर जिला राजगढ़ में 01 बैरिक (सिंगल स्टोरी) निर्माण कार्य। | | | | | |
| 2024_PWPIU_369303_1 | राजगढ़ | 75.04 | 75040 | 10000 | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 6. सीहोर जिले में जोनल निविदा अंतर्गत छोटे निर्माण कार्य, शेष कार्य, पी.जी. अंतर्गत सुधार कार्य एवं अन्य कार्य । | | | | | |
| 2024_PWPIU_369943_1 | सीहोर | 97.78 | 97780 | 10000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट /डेबिट /कैशकार्ड /इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 10.09.2024** समय 10.30 से **दिनांक 25.09.2024** समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य अभियंता (भवन)**

**जी/16436/50057/2024** **लोक निर्माण विभाग भोपाल**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1, ग्वालियर

**फोन नं. 0751-2371231, ईमेल: eepwd1gwl@mp.nic.in**

**निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 09/टी.सी. / डी-1 ग्वा. / 2024-25** **दिनांक : 13.09.2024**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 09 ग्वालियर दिनांक 13/09/2024 द्वारा प्रचलित भवन / सड़क कार्यों की दर अनुसूची दिनांक **01.01.2024/25.03.2022** पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं जिसका सम्पूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना बेवसाइट पर हीं देखें पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी ।

**क्र. एवं कार्य का नाम -** 1. मुख्यालय उपसंभाग क्र. - 1 ग्वालियर के एग्रीकल्चर सेक्शन अंतर्गत रेसकोर्स मार्ग स्थित बंगलों में रंगाई पुताई, अल्ट्रेशन, प्लास्टर, पुट्टी एवं अन्य मरम्मत कार्य।

| टेन्डर आई.डी. | (1) ठेके की अनु. लागत राशि रु. (2) अमानत राशि | टेण्डर फार्म की राशि (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 2024_PWDRB_ 369901_1 | 1. 9.99 लाख 2. 20000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 2. मुख्यालय उपसंभाग क्र. - 1 ग्वालियर के एग्रीकल्चर सेक्शन अंतर्गत रेसकोर्स मार्ग स्थित विभिन्न बंगलों में बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण, टीनशेड लगाने एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369902_1 | 1. 19.99 लाख 2. 40000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 3. मुख्यालय उपसंभाग क्र. - 1 ग्वालियर के एग्रीकल्चर सेक्शन अंतर्गत रेसकोर्स मार्ग स्थित बंगलों में रिनोवेशन, अल्ट्रेशन एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369903_1 | 1. 19.99 लाख 2. 40000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 4. मुख्यालय उपसंभाग क्रं. - 2 ग्वालियर के एम ब्लॉक सेक्शन अंतर्गत एम-12 आवास में विशेष मरम्मत, रेनोवेशन अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369904_1 | 1. 1.15 लाख 2. 2300/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 5. मुख्यालय उपसंभाग क्रं. - 2 ग्वालियर के शताब्दीपुरम सेक्शन अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369905_1 | 1. 19.98 लाख 2. 40000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 6. मुख्यालय उपसंभाग क्र. - 1 ग्वालियर के एग्रीकल्चर सेक्शन अंतर्गत रेसकोर्स मार्ग स्थित बंगलों एवं व्ही.आई.पी. सर्किट हाउस में रेनोवेशन एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369906_1 | 1. 19.99 लाख 2. 40000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 7. पथ उपसंभाग ग्वालियर के घाटीगांव एवं नयागांव सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में रेनोवेशन एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369907_1 | 1. 9.90 लाख 2. 20000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 8. पथ उपसंभाग ग्वालियर के आंतरी सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369908_1 | 1. 9.90 लाख 2. 20000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 9. पथ उपसंभाग ग्वालियर के घाटीगांव एवं नयागांव सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369909_1 | 1. 9.90 लाख 2. 20000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 10. पथ उपसंभाग ग्वालियर के मोहना सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369910_1 | 1. 9.90 लाख 2. 20000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 11. पथ उपसंभाग ग्वालियर के आंतरी सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में रेनोवेशन एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369911_1 | 1. 9.90 लाख 2. 20000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 12. विशेष कार्य उपसंभाग ग्वालियर के डीआरपी लाईन सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में रेनोवेशन एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369912_1 | 1. 14.96 लाख 2. 29920/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 13. मुख्यालय उपसंभाग क्र. - 2 ग्वालियर के अंतर्गत मुख्य अभियंता कार्यालय एवं अधीक्षण यंत्री कार्यालय में विशेष मरम्मत वार्षिक मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369913_1 | 1. 18.50 लाख 2. 37000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |
| **क्र. एवं कार्य का नाम -** 14. मुख्यालय उपसंभाग क्र. - 2 ग्वालियर के शताब्दीपुरम सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत वार्षिक मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य। | | | | |
| 2024_PWDRB_ 369914_1 | 1. 19.50 लाख 2. 39000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार |

कुल कार्य संख्या - 14 (चौदह)

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरम्भ तिथि | 14.09.2024 दोपहर 14.30 |
| ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | **24.09.2024 सायं 17.30** |
| ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि | 26.09.2024 प्रात: 11.00 |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाइड पर ( Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

**कार्यपालन यंत्री**

**जी- 16431/50056/2024** **लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, ग्वालियर**

# जॉब अलर्ट

### भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धनबाद

**पद का नाम** - असिस्टेंट रजिस्ट्रार
**पदों की संख्या** - 01
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 04 अक्टूबर, 2024**
**वेबसाइट** - http://www.iitism.ac.in

### भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल

**पद का नाम** - कॉन्सटेबल (किचन सर्विस)
**पदों की संख्या** - 819
**योग्यता** - मैट्रिक या मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण
**अंतिम तिथि - 01 अक्टूबर, 2024**
**वेबसाइट** - http://recruitment.itb-police.nic.in

### केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

**पद का नाम** - कॉन्सटेबल/ फायर
**पदों की संख्या** - 1130
**योग्यता** - किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से विज्ञान विषय के साथ बारहवीं या समकक्ष उत्तीर्ण
**अंतिम तिथि - 30 सितम्बर, 2024**
**वेबसाइट** - https://cisfrectt.cisf.gov.in

### राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड

**पद का नाम** - अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक
**पदों की संख्या** - 01
**योग्यता** - किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से विज्ञान विषय के साथ बारहवीं या समकक्ष उत्तीर्ण
**अंतिम तिथि - 30 सितम्बर, 2024**
**वेबसाइट** - https://www.nmdc.co.in

### जूट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया

**पद का नाम** - अकाउंटेंट, जूनियर असिस्टेंट और जूनियर इंस्पेक्टर
**पदों की संख्या** - 90
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 30 सितंबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://www.jutecorp.in

### द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

**पद का नाम** - अकाउंटेंट और जेनरलिस्ट
**पदों की संख्या** - 150
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 29 सितंबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://www.newindia.co.in

### मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड

**पद का नाम** - विभिन्न नॉन एक्जीक्यूटिव पद (अनुबंध आधार पर)
**पदों की संख्या** - 176
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 01 अक्टूबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://mazagondock.in

### राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय

**पद का नाम** - मेडिकल ऑफिसर
**पदों की संख्या** - 1220
**योग्यता** - एम.बी.बी.एस. और लिखित परीक्षा की तिथि तक राजस्थान मेडिकल काउंसिल में पंजीयन होना अनिवार्य
**अंतिम तिथि - 01 अक्टूबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://ruhsraj.org

### गुरु घासीदास विश्वविद्यालय

**पद का नाम** - रजिस्ट्रार, वित्तीय अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर, डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, असिस्टेंट लाइब्रेरियन
**पदों की संख्या** - 07
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 04 अक्टूबर, 2024**
**वेबसाइट** - http://www.new.ggu.ac.in

### एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड

**पद का नाम** - जूनियर एक्जीक्यूटिव (फायर एंड सेफ्टी, मैकेनिकल), असिस्टेंट अकाउंट्स, असिस्टेंट इंजीनियर (केमिकल प्रोसेस), इंजीनियर (मैकेनिकल, फायर एंड सेफ्टी एवं केमिकल प्रोसेस)
**पदों की संख्या** - 100
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 04 अक्टूबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://www.hrrl.in

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली

**पद का नाम** - प्रोफेसर, एडिशनल प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर
**पदों की संख्या** - 95
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि - 05 अक्टूबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://aiimsrbl.edu.in

## एडमिशन अलर्ट

### संयुक्त प्रवेश परीक्षा जैम-2025

**पाठ्यक्रम का नाम** - विभिन्न डिग्री प्रोग्राम्स के लिए
**योग्यता**- स्नातक उत्तीर्ण या स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थी
**अंतिम तिथि - 11 अक्टूबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://jam2025.iitd.ac.in

## स्कॉलरशिप अलर्ट

### रिलायंस फाउंडेशन स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति

**संस्थान का नाम** - रिलायंस फाउंडेशन
**योग्यता**- इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और जीवन विज्ञान से संबंधित पूर्णकालिक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी। साथ ही गेट परीक्षा में 550 से 1000 के बीच अंक प्राप्त होना चाहिए
**छात्रवृत्ति राशि** - पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान छह लाख रुपये तक की राशि प्रदान की जाएगी
**अंतिम तिथि - 06 अक्टूबर, 2024**
**वेबसाइट** - https://www.scholarships.reliancefoundation.org

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

**हमारा जिला गुना**

# प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध पर्यटन क्षेत्र और वीरता के इतिहास से परिपूर्ण है जिला गुना

**मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए हैं। 'रोज़गार और निर्माण' के हमारा जिला स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आपको परिचित करवा रहे हैं। इस अंक में प्रस्तुत है गुना जिले का परिचय-**

गुना जिला ग्वालियर संभाग में शामिल है। जिले में गुना, आरोन, राघौगढ़, मधुसूदनगढ़, बमोरी, चाचोड़ा एवं कुंभराज सात तहसीलें तथा गुना, आरोन, राघौगढ़, चाचोड़ा, बमोरी पांच विकासखण्ड हैं। जिले में 5 जनपद पंचायतें तथा 2 नगरपालिका एवं 3 नगर पंचायतें हैं। गुना में 4 विधानसभा सीटें बमोरी, गुना, चाचौड़ा और राघौगढ़ हैं। ऐतिहासिक रूप से यह जिला महाभारत काल में शिशुपाल की राजधानी चंदेरी से लेकर आधुनिक काल में मुगल एवं अंग्रेजों के आक्रमण तक काफी विख्यात रहा। राघौगढ़ रियासत का पराक्रम और देशभक्ति के लिये विशेष स्थान है।

### जिले की सीमाएं तथा क्षेत्रफल

यह जिला राज्य के उत्तर पश्चिम भाग में मालवा के पठार पर स्थित है। इसके उत्तर में शिवपुरी, पूर्व में उत्तरप्रदेश का झांसी और ललितपुर तथा मध्यप्रदेश के सागर एवं विदिशा, दक्षिण में सीहोर एवं राजगढ़ जिले तथा पश्चिम में राजस्थान हैं। यहां का अधिकांश भाग पठारी है तथा पूर्वी भाग में बुन्देलखंड की पहाड़ियां तथा दक्षिण में विंध्यांचल पर्वत की श्रृंखलाएं हैं। यहां की माटी मालवा की माटी से मिलती-जुलती है। जिले की जलवायु समशीतोष्ण है। यहाँ गर्मी में अधिक गर्मी एवं ठंड में अधिक ठंड पड़ती है। यह जिला समुद्रतल से लगभग 759 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और 11065 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां की अधिकांश आबादी गांवों में ही निवास करती है। हरे भरे वनों एवं पाषाण शैलों की गोद में बसे गांवों में वर्ष में कई बार मेलों, उत्सवों और पर्वों की अनुपम छटा देखी जा सकती है। जिले में भील, बारेला, पटेलिया और सहरिया जनजातियां अपने पारम्परिक स्वरूप में देखी जा सकती हैं। जिले में विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल भी है।

### इतिहास

गुना जिले का वर्तमान मुख्यालय गुना शहर में 5 नवंबर 1922 में स्थापित हुआ था। 19वीं सदी के पूर्व गुना ईसागढ़ (अब जिला अशोकनगर में स्थित) जिले का एक छोटा सा गांव था। सन् 1844 में गुना में ग्वालियर की फौज रहती थी, जिसके विप्लव के बाद सन् 1850 में इसे अंग्रेजी फौज की छावनी में तब्दील किया गया। सन् 1922 में छावनी को गुना से ग्वालियर स्थानांतरित कर दिया गया एवं 5 नवंबर 1922 को जिला मुख्यालय बजरंगगढ़ से गुना स्थानांतरित कर दिया गया। सन् 1937 में जिले का नाम ईसागढ़ के स्थान पर गुना रखा गया तथा ईसागढ़ एवं बजरंगगढ़ को तहसील बनाया गया जिन्हें बाद में क्रमश: अशोकनगर और गुना के रूप में परिवर्तित किया गया। सन् 1948 में राघोगढ़ को तहसील के रूप में शामिल किया गया। सन् 2003 में अशोकनगर को गुना से पृथक् कर एक अलग जिला बना दिया गया। वर्ष 1899 में बीना से राजस्थान के बारां तक रेल लाइन का काम पूरा हुआ और रेल चलने लगीं। बाद में इसे कोटा तक बढ़ाया गया। यह कार्य तब किया गया जब अंग्रेजों की रेल कंपनी अस्तित्व में नहीं आई थी। ज्यादातर रेल लाइन राजा-रजवाड़ों द्वारा डलवाई जाती थी। यह लाइन ग्वालियर की सिंधिया स्टेट द्वारा डलवाई गई थी। तत्कालीन सिंधिया स्टेट द्वारा ग्वालियर-शिवपुरी नेरोगेज लाइन भी डलवाई गई थी, जिस पर छोटी रेल भी चला करती थी। बाद के वर्षों में इसे हटा लिया गया।

**एक नज़र में**
क्षेत्र : 6390 वर्ग किलोमीटर
आबादी : 1240938 (वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार)
शहरी : 312767
ग्रामीण : 928171
भाषा : हिंदी

### जिले की प्रमुख नदियां

जिले से पार्वती कालीसिंध, बेतवा चौपेट जैसी, प्रमुख नदियां प्रवाहित होती हैं। इनका प्रवाह उत्तर से पश्चिम की ओर है। जिले में इनकी कुल लंबाई 277 किलोमीटर है।

### गुना घूमने का समय

गुना शहर में शुष्क ऊष्ण कटिबंधीय जलवायु होती है। यहां बारिश कम होती है इसलिए गुना घूमने का सबसे अच्छा समय सर्दियों के दौरान रहता है। नवंबर से फरवरी के बीच घूमने का उपयुक्त समय है।

### गुना में पर्यटन

गुना जिला पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। यहां किलों, संग्रहालयों, उद्यानों, महलों और अन्य विशेषताओं के साथ बीते युग की भव्यता को महसूस किया जा सकता है। यहां के मंदिरों के दर्शन, ऐतिहासिक स्थलों का इतिहास जानने के साथ कुछ साहसिक खेलों, ट्रैकिंग से रोमांच और लंबी पैदल यात्रा कर सकते हैं।

### प्रसिद्ध पर्यटन स्थल

जिले में बीसभुजी मंदिर, बजरंगगढ़ किला, भदौरा का किला, पंचमुखी हनुमान आश्रम, गोपी कृष्ण सागर बांध, हनुमान टेकरी, जैनगढ़ प्रमुख पर्यटन स्थल हैं।

### गोपी कृष्ण सागर डैम

गोपी कृष्ण सागर डैम गुना शहर से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित है। गोपी कृष्ण सागर डैम गुना का बहुत ही लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।

### टेकरी सरकार (हनुमान मंदिर)

गुना जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध सिद्ध स्थल है श्री हनुमान टेकरी मंदिर। ऊंची पहाड़ियों पर स्थित इस मंदिर में अति प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित है। टेकरी सरकार का यह स्थान सातवीं शताब्दी पूर्व का है और साधू संतों की तपो भूमि का केन्द्र रहा है। हनुमान जयंती के दिन टेकरी सरकार (हनुमान मंदिर) पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है।

### बीसभुजी मंदिर

गुना का यह मंदिर जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बीसभुजी मंदिर में 20 भुजाओं वाली माँ बीसभुजा देवी की मूर्ति स्थापित है। यह आस्था का प्रमुख केन्द्र है।

### बजरंगगढ़ किला

बजरंगगढ़ किला पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। यह किला गुना जिले का विरासत गढ़ है। यह अभी खंडहर अवस्था में है। 1775 में मराठों ने इस किले का निर्माण करवाया था। बजरंगगढ़ किले में चार दिशाओं में चार द्वार हैं। किले के अंदर मोती महल, रंगमहल और राम मंदिर है। किले में तोपखाना भी है। इस किले का पुराना नाम झारकोन था।

### पंचमुखी हनुमान आश्रम

पंचमुखी हनुमान आश्रम गुना में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल माना जाता है। यह गुना शहर की विवेक कॉलोनी में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि भगवान हनुमान के पास पांच शक्तियां हैं और इस आश्रम को भगवान हनुमान की पांच शक्तियों में से एक माना जाता है। हनुमान के पांच मुख्य मुखों में एक सूअर, एक चील, हया-ग्रीव, एक बंदर और शेर शामिल हैं। इस आश्रम में नियमित रूप से भक्त आते हैं। यह गुना शहर के सबसे प्रसिद्ध स्थानों में से एक माना जाता है।

### गोपी कृष्ण सागर बांध

गुना के गोपी कृष्ण सागर बांध में इको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है, जहां बोटिंग का आनंद लिया जा सकता है। यहां एक पार्क भी है, जहां शांति से कुछ पल बिताएं जा सकते हैं। गुना के प्राकृतिक और सांस्कृतिक पर्यावरण की विविधता को बनाए रखने और संरक्षित करने के लिए इको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है और गोपीकृष्ण सागर बांध इस क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दे रहा है।

### जैनगढ़

यह जैन संत पद शाह द्वारा निर्मित जैन मंदिर है। जैन समुदाय में यह सबसे महत्वपूर्ण स्थान है, जो श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर में कई जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाएं हैं। यहां आप भगवान शांतिनाथ, अरहनाथ और कुंथुनाथ तथा अन्य तीर्थंकरों की लाल पत्थर की मूर्तियां देख सकते हैं।

### आउटडोर गतिविधियां

गुना ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध होने के साथ साहसिक गतिविधियां करने के इच्छुक लोगों के लिए गतिविधियों का केन्द्र भी है। गुना जल क्रीड़ा के लिए प्रसिद्ध है। गुना में लंबी पैदल यात्रा भी लोकप्रिय है। कोई भी व्यक्ति क्षेत्र के आकर्षक परिवेश और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए ट्रैकिंग का आनंद ले सकता है। ज्यादातर पर्यटक जो अन्वेषण में शामिल होना चाहते हैं, उनके लिए गुना घूमने के लिए सही जगह है।

### गुना बाजार

गुना के बाज़ारों में पारंपरिक और प्राचीन आभूषण तथा स्थानीय परिवेश के कपड़े उपलब्ध हैं। इसलिए गुना में खरीददारी करना उत्साहजनक और आनंददायक है। गुना में कुछ उल्लेखनीय बाज़ार हैं जहां से विभिन्न सांस्कृतिक और पारंपरिक उत्पाद खरीदे जा सकते हैं। गुना के विभिन्न इलाकों में ऐसे बाज़ार हैं जो नागरिकों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। मोतियों और धातुओं से बने जनजातीय आभूषण यहां की विशेषता है।

**- देवेन्द्र गोरे**
**(लेखक सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)**

# खेल चर्चा

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने संतोष

**नई दिल्ली,** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पूर्व फुटबॉलर संतोष कश्यप को भारतीय महिला फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह पूर्व मुख्य कोच चाओबा देवी की जगह लेंगे। कश्यप के साथ ही प्रिया पीवी को सहायक कोच और रघुवीर खानोलकर को टीम का गोलकीपिंग कोच नियुक्त किया गया है। कश्यप के मार्गदर्शन में भारतीय महिला फुटबॉल टीम नेपाल के काठमांडू में 17 से 30 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली सैफ महिला चैम्पियनशिप में हिस्सा लेगी। इस टूर्नामेंट की तैयारी के लिए भारतीय टीम का शिविर गोवा में शुरू हो गया है।

संतोष कश्यप को आईलीग में कोचिंग का लगभग एक दशक का अनुभव है। उन्होंने मोहन बागान, आइजोल एफसी और मुंबई सिटी एफसी जैसे दिग्गज क्लबों को कोचिंग दी है।

एशियन चैम्पियंस हॉकी ट्रॉफी

# भारत पांचवीं बार बना चैम्पियन

**हुलुनबुइर,** भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर एशियन हॉकी में अपना वर्चस्व बरकरार रखते हुए एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय हॉकी टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल में मेजबान चीन को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराया। फाइनल मुकाबले में भारत के जुगराज सिंह ने विजयी गोल दागा।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान दमदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के लिए फाइनल मुकाबला आसान नहीं रहा। पहली बार फाइनल मुकाबला खेल रही चीनी टीम ने भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी। मैच के पहले तीन क्वार्टर में चीन के डिफेंडरों ने भारतीय खिलाड़ियों को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। पहले दो क्वार्टर में भारतीय स्ट्राइकरों ने गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन चीन के डिफेंडरों ने उन्हें असफल कर दिया। मैच में एकमात्र गोल गुजराज सिंह ने 51वें मिनट में किया। इस गोल के सूत्रधार कप्तान हरमनप्रीत सिंह रहे। हरमनप्रीत जबरदस्त स्टिकवर्क दिखाते हुए चीनी सर्कल में घुसे और जुगराज को गेंद पास की, जुगराज ने चीन के गोलकीपर को छकाते हुए बेहतरीन गोल दागा और भारत को 1-0 की निर्णायक बढ़त दिलाई।




- भारत ने पांच बार, पाकिस्तान ने तीन बार और दक्षिण कोरिया ने एक बार जीती है एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी।
- भारत वर्ष 2011, 2016, 2018 और 2023 में भी बना है एशियन चैम्पियन।
- पाकिस्तान ने वर्ष 2012, 2013 और 2018 में जीता है यह खिताब।
- वर्ष 2018 में भारत और पाकिस्तान इस टूर्नामेंट के संयुक्त विजेता बने थे।

भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपराजय रही। भारत ने अपने पहले लीग मैच में चीन को 3-0 से, जापान को 5-1, मलेशिया को 8-1, दक्षिण कोरिया को 3-1 और पाकिस्तान को 2-1 से हराया। इसके बाद भारत ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई थी।

टूर्नामेंट के दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपने हॉकी कॅरियर में 200 अंतर्राष्ट्रीय गोल पूरे कर लिये हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 200 से अधिक गोल करने वाले हरमनप्रीत भारत के तीसरे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद और बलबीर सिंह सीनियर हासिल कर चुके हैं। हरमनप्रीत ने यह उपलब्धि सेमीफाइनल मैच के दौरान हासिल की।

### वेलालागे बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई,** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के युवा क्रिकेटर दुनिथ वेलालागे को सितंबर महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। आईसीसी ने इस पुरस्कार के लिए वेलालागे के अलावा दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स को भी नामांकित किया था। वेलालागे ने भारत के खिलाफ ट्वेंटी-20 सीरीज में बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए एक अर्धशतक बनाया और 5 विकेट लिए, जिसकी बदौलत श्रीलंका ने यह सीरीज 2-0 से जीती थी। आईसीसी ने महिला वर्ग में श्रीलंका की हर्षिता समरविक्रमा को प्लेयर ऑफ द मंथ के पुरस्कार से नवाजा है।

### कैथलीन सिमर्स ने जीती वर्ल्ड सर्फिंग लीग

**सेक्रामेंटो,** अमेरिका की युवा खिलाड़ी कैथरीन सिमर्स ने कैलिफोर्निया में आयोजित वर्ल्ड सर्फिंग लीग का खिताब अपने नाम किया है। कैथरीन ने यह खिताब 18 वर्ष 10 महीने और 12 दिन की आयु में जीतकर सबसे युवा महिला सर्फिंग चैम्पियन बनने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व विश्व चैम्पियन कारिसा मोर के नाम था। टूर्नामेंट में कैथरीन ने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता कैरोलीन मार्क्स को हराया।

## महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में मिलेगी पुरुषों के समान इनामी राशि

**दुबई,** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित होने वाले आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप की पुरस्कार राशि पुरुष क्रिकेटरों के बराबर करने की घोषणा की है। आईसीसी ने कहा कि आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप की कुल पुरस्कार राशि 79.5 लाख डॉलर (लगभग 66 करोड़ रुपये) होगी, जो पिछले वर्ष खेले गए आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप की कुल इनामी राशि 24.5 लाख डॉलर की तुलना में 225 प्रतिशत अधिक है। इसमें विजेता और उप विजेता तथा अन्य पुरस्कार राशि शामिल है।

आईसीसी ने बताया कि यह निर्णय जुलाई 2023 में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में लिया गया था। आईसीसी ने कहा कि अगले महीने आयोजित होने वाला आईसीसी महिला विश्वकप पहला आईसीसी टूर्नामेंट होगा, जिसमें महिला क्रिकेटरों को पुरुष क्रिकेटरों के समान पुरस्कार राशि मिलेगी जो इस खेल के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। आईसीसी ने कहा कि इस वर्ष खेले गए आईसीसी पुरुष ट्वेंटी-20 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम को 24.5 लाख डॉलर (लगभग 20.37 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि मिली थी। अब महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप के विजेता को 23.40 लाख डॉलर मिलेंगे।

- आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में विजेता को 19 करोड़ रुपये और उपविजेता को नौ करोड़ रुपये मिलेंगे।
- आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप 3 से 20 अक्टूबर तक यूएई में खेला जाएगा।
- यह आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप का नौवां संस्करण है।

### मेगदालेना फ्रेच ने जीता गुआदालाजरा ओपन

**मैक्सिको सिटी,** पोलैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी मेगदालेना फ्रेच ने गुआदालाजरा ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के फाइनल में मेगदालेना ने ओलिविया गेडेकी को रोमांचक मुकाबले में 7-6 (7-5), 6-4 से हराया। मेगदालेना के टेनिस कॅरियर का यह पहला डब्ल्यूटीए खिताब है।

### ऑस्कर पिएस्त्री ने जीती अजरबेजान ग्रांप्री रेस

**बाकू,** ऑस्ट्रेलियन कार रेसर ऑस्कर पिएस्त्री ने अजरबेजान ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस का खिताब अपने नाम किया है। ऑस्कर ने 51 लैप की इस रेस को एक घंटा 32 मिनट और 58 सेकेंड में पूरा किया। रेस में पोल पोजिशन हासिल करने वाले चार्ल्स लेक्लर्क ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जॉर्ज रसेल तीसरे, लेंडो नॉरिस चौथे और मैक्स वर्स्टपेन रेस में पांचवें स्थान पर रहे।

## एफआईएच अवॉर्ड के लिए नामांकित हुए श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह

**मुंबई,** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया है। हरमनप्रीत के अलावा भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला है।

हरमनप्रीत और श्रीजेश दोनों ही पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस ओलंपिक में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 बेहतरीन गोल किए थे। यही वजह है कि हरमनप्रीत को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। हरमनप्रीत के अलावा थिएरी ब्रिंकमैन, जोएप डि मोल, हेंस मुलर और जैच वालेस भी इस पुरस्कार के दावेदार हैं।

वहीं सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के पुरस्कार के लिए श्रीजेश के अलावा पिरमिन ब्लैक, लुइस कैलजाडो, जीन पॉल डैनबर्ग और टॉमस सैंटियागो को नॉमिनेट किया गया है।

### अंडर-19 महिला एशिया कप होगा आयोजित

**क्वालालंपुर,** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने महिला अंडर-19 ट्वेंटी-20 एशिया कप शुरू करने की घोषणा की है। क्वालालंपुर में आयोजित एसीसी की कार्यकारी बैठक के दौरान एसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने यह घोषणा की। जय शाह ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य एशिया की उभरती महिला क्रिकेटरों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देना है। यह टूर्नामेंट एशियाई टीमों को अंडर-19 ट्वेंटी-20 विश्वकप की तैयारी करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यह जनवरी-फरवरी 2025 में खेले जाने वाले आईसीसी अंडर-19 ट्वेंटी-20 विश्वकप से पहले आयोजित किया जाएगा।

डायमंड लीग फाइनल

# नीरज चोपड़ा ने जीता रजत पदक

**ब्रुसेल्स,** भारत के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है। बाएं हाथ में फ्रेक्चर के बावजूद नीरज ने डायमंड लीग फाइनल्स में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स के नाम रहा, वहीं कांस्य पदक जर्मनी के जूलियन वेबर ने जीता। मुकाबले में नीरज ने जुझारु खेल दिखाया और पीटर्स को कड़ी टक्कर दी। वह पीटर्स से महज एक सेंटीमीटर पीछे थे। पीटर्स ने 87.87 का थ्रो किया, जबकि नीरज के भाले ने 87.86 मीटर की दूरी तय की।

**तीसरे प्रयास में पक्का किया पदक**

नीरज ने बताया कि ट्रेनिंग सत्र के दौरान उनके हाथ में चोट लग गई थी और जांच में हाथ में फ्रेक्चर पाया गया। चोटिल होने के बावजूद नीरज ने फाइनल में भाग लेने का फैसला किया। मुकाबले में नीरज ने अपने पहले प्रयास में 86.82 मीटर, दूसरे प्रयास में 83.49 मीटर, तीसरे प्रयास में 87.86 मीटर, चौथे प्रयास में 82.04 मीटर, पांचवें प्रयास में 83.30 मीटर और छठवें प्रयास में 86.46 मीटर की दूरी तय की। इस चोट का असर नीरज के प्रदर्शन पर भी पड़ा। वह अपने हर थ्रो में भाला छोड़ने के बाद फॉलो थ्रू में बाएं हाथ की ओर गिरने तथा बायीं हथेली को जमीन से छूने से बचाते नजर आए। इसके बावजूद नीरज रजत पदक जीतने में सफल रहे।



- नीरज ने वर्ष 2022 में जीता था डायमंड लीग का खिताब।
- नीरज ने भाला फेंक में दो बार ओलंपिक पदक जीते हैं।
- नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

नीरज ने बताया कि ट्रेनिंग सत्र में मेरे बाएं हाथ की (चौथी मेटाकार्पल) हड्डी में फ्रेक्चर हो गया। यह मेरे लिए एक और दर्दनाक चुनौती थी, लेकिन टीम की मदद से मैं भाग लेने में सफल रहा। यह इस वर्ष का अंतिम एथेलेटिक्स टूर्नामेंट था। मैं अपनी ही उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका। उल्लेखनीय है कि नीरज इस पूरे सत्र के दौरान फिटनेस की समस्या से जूझते रहे हैं। वह ग्रोइन की चोट से भी परेशान थे।

राष्ट्रमंडल खेल-2026

## ग्लास्गो कर सकता है मेजबानी

**लंदन,** स्कॉटलैंड की राजधानी ग्लास्गो वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। दरअसल राष्ट्रमंडल खेल-2026 का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के कई शहरों में होना था, लेकिन विक्टोरिया ने जुलाई 2023 में चौंकाने वाली घोषणा करते हुए इस खेल आयोजन की मेजबानी से हाथ खींच लिए। विक्टोरिया राज्य के गवर्नर ने कहा कि बढ़ती लागत और अनुपातिक व्यय में वृद्धि की वजह से विक्टोरिया में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन होना मुश्किल है।

एक रिपोर्ट के अनुसार ग्लास्गो ने वर्ष 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों का सफल आयोजन 57 करोड़ 56 लाख पाउंड (लगभग 76 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के बेहद कम बजट में किया था। ग्लास्गो में पहले से ही 70 प्रतिशत आयोजन स्थल मौजूद हैं, ऐसे में यह शहर एक बार फिर राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। माना जा रहा है कि ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन कम बजट में हो सकता है। इस बार खेलों की संख्या कम हो सकती है।

commonwealth sport

- स्कॉटलैंड में चौथी बार होगा राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन।
- स्कॉटलैंड का एडिनबर्ग शहर दो बार राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर चुका है।
- भारत में वर्ष 2010 में आयोजित हुए थे राष्ट्रमंडल खेल।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

# सामयिकी

## स्टूडेंट वीजा और वर्क परमिट पर सख्ती का ऐलान

लंबे समय से पढ़ाई और नौकरी के लिए आकर्षण रहे कनाडा में भारतीयों सहित दुनिया के अन्य देशों के छात्रों की संख्या घट रही है। वीजा नीतियों में बदलाव के चलते पहले से ही भारत समेत दुनिया भर के छात्र कनाडा कम जा रहे हैं। अब ट्रूडो ने छात्रों की संख्या कम करने को कहा है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, 'हम इस साल 35 फीसदी कम इंटरनेशनल छात्रों को परमिट दे रहे हैं। अगले वर्ष यह 10 फीसदी और कम होगा।

**प्रधानमंत्री ने चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और एक्सपो (री-इनवेस्ट) का किया शुभारंभ**

# सौ दिनों में ही हमारी प्राथमिकताएं देश के सामने हैं



अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (री-इन्वेस्ट) का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इसमें ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और नीतियों के भविष्य पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ नागरिकों, युवाओं और महिलाओं के भरोसे और विश्वास की आकांक्षाएं इस कार्यकाल में नई उड़ान भरेंगी। उन्होंने कहा कि गरीब, दलित और वंचित मानते हैं कि सरकार का तीसरा कार्यकाल उनके लिए सम्मानजनक जीवन की गारंटी बनेगा। भारत के 140 करोड़ नागरिक देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कार्यरत हैं। यह सम्मेलन वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के बड़े विजन, मिशन और कार्ययोजना का एक अंग है।

### गति और पैमाने को प्रतिबिंबित किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले 100 दिनों में सरकार के काम ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए इसकी गति और पैमाने को प्रतिबिंबित किया है। उन्होंने कहा कि भारत के त्वरित विकास के लिए आवश्यक सभी क्षेत्रों पर बल दिया गया है। भारत 7 करोड़ घरों के निर्माण के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 12 नए औद्योगिक शहर बनाने का फैसला, 8 हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर को मंजूरी, 15 से अधिक सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ, अनुसंधान के लिए एक ट्रिलियन रुपये के शोध कोष की स्थापना, ई- मोबिलिटी के लिए विभिन्न पहलों की घोषणा, उच्च प्रदर्शन वाले जैव-विनिर्माण को बढ़ावा देने के साथ ही बायो ई3 नीति को मंजूरी सरकार की मुख्य उपलब्धियां हैं।

- 16 से 18 सितंबर 2024 तक हुआ था गुजरात में आयोजन।
- जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क और नॉर्वे के प्रतिनिधि शामिल।
- मुख्यमंत्रियों की बैठक, सीईओ गोलमेज सम्मेलन, हरित हाइड्रोजन पर चर्चा।
- आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, एमपी, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, यूपी की सहभागिता।

## मालदीव का चीन से लोकल करेंसी सेटलमेंट

मालदीव ने चीन के साथ लोकल करेंसी में सेटलमेंट करने का समझौता कर लिया है। इससे चीन को मालदीव में निवेश करने में आसानी रहेगी, इसके साथ ही चीन के साथ व्यापार करने वाले व्यापारियों को भी इससे फायदा होगा। मालदीव के विदेश मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, लोकल करेंसी सेटलमेंट करने के लिए हुए इस समझौते से चीन से व्यापार करने वाले मालदीव व्यापारियों को आर्थिक लाभ होगा और इससे मालदीव में होने वाले चीनी निवेश में भी वृद्धि होगी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, चीन के केंद्रीय बैंक ने मालदीव में प्रत्यक्ष निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने के लिए मालदीव की सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के बयान के अनुसार यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा। इससे दोनों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। एटोल टाइम्स के अनुसार, मालदीव के आर्थिक विकास मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच में आर्थिक खुलेपन को बढ़ाने में मददगार होगा।

## सौ से ज्यादा रिपब्लिकन ने ट्रंप को बताया अयोग्य

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले अब 100 से ज्यादा पूर्व रिपब्लिकन ने ट्रंप को अयोग्य बता दिया है और डेमोक्रेट कमला हैरिस का समर्थन किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अब 2 महीने से भी कम का समय बचा है। ऐसे में चुनावी दावेदारी पेश कर रहे डेमोक्रेट और रिपब्लिकन उम्मीदवार अब इस रेस को जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। इस बीच एक ऐसी खबर आई है कि 100 से ज्यादा रिपब्लिकन, पूर्व राष्ट्रपति के सुरक्षा और विदेश नीति अधिकारियों ने एक कॉमन चिट्ठी में राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस का समर्थन किया है। इस चिट्ठी में डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद के एक और कार्यकाल के लिए अयोग्य बताया है। हाल के हफ्तों में कई रिपब्लिकन ने कमला हैरिस का समर्थन किया है। इनमें वर्जीनिया की पूर्व सांसद बारबरा कॉम्स्टॉक भी शामिल हैं। अन्य रिपब्लिकन जिन्होंने हैरिस का समर्थन किया है, उनमें अल्बर्टो गोंजालेस, रिपब्लिकन अटॉर्नी जनरल हैं, जिन्होंने डब्ल्यू बुश प्रशासन के तहत काम किया, पूर्व इलिनो इस सांसद एडम किंजिंगर, साथ ही ट्रम्प के पूर्व प्रेस सचिव स्टेफनी ग्रिशम और संचार निदेशक एंथनी स्कारामुखी शामिल हैं।

## वैज्ञानिकों को मंगल ग्रह पर मिला रहस्यमय ढांचा

मंगल ग्रह पर वैज्ञानिक लगातार शोध कर रहे हैं। ऐसे ही एक शोध में हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। मंगल ग्रह के नीचे उस जगह शोधकर्ताओं को एक विशाल छिपी संरचनाओं का पता चला है, जहां कभी एक प्राचीन महासागर हुआ करता था। साइंस अलर्ट में प्रकाशित शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष मिशनों और एडवांस मॉडलिंग से मिले डेटा को मिलकर यह खोज की है। डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के बार्ट रूट ने यूरोप्लेनेट साइंस कांग्रेस में शोध के नतीजों को प्रस्तुत किया है, जो इस ग्रह के रहस्यमय अंदरूनी भाग के बारे में दिलचस्प जानकारी देते हैं। डॉ. रूट ने कहा, 'ये सघन संरचनाएं मूल रूप से ज्वालामुखी हो सकती हैं या प्राचीन प्रभावों से संकुचित सामग्री हो सकती हैं।'

## यूरोपीय संघ से फ्रांसीसी सदस्य का इस्तीफा

यूरोपीय संघ (ईयू) की कार्यकारी शाखा के एक सदस्य व प्रभावशाली फ्रांसीसी अधिकारी ने थिएरी ब्रेटन ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के नेतृत्व पर सवाल उठाने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फ्रांसीसी उद्यमी और ईयू के विशाल आंतरिक बाजार के आयुक्त थिएरी ब्रेटन ने ऐसे समय में वॉन डेर लेयेन के नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं, जब वह अगले पांच साल के लिए एक नयी टीम बनाने की कोशिशों में जुटी हैं। ब्रेटन ने आरोप लगाया कि वॉन डेन लेयेन भावी आयोग में उनकी जगह एक अन्य फ्रांसीसी अधिकारी को नामित करने के लिए उनके पीछे पड़ गई थी।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*




स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।